दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली बुधवार 27 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 154 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## कर्नाटक में सिद्धारमैया शासन का अंत!

**खींचतान**

**बताया जाता है कि सिद्धारमैया को कांग्रेस आलाकमान ने पद छोड़ने के लिए मना लिया है**




**कर्नाटक।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान थमती नजर आ रही है। ऐसी खबरें हैं कि सिद्धारमैया को इस्तीफा देने का आदेश मिल चुका है। बताया जाता है कि कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें पद छोड़ने के लिए कहा है। इसके बदले में उन्हें दिल्ली में बड़ी भूमिका और राज्यसभा सीट देने का भी वादा किया गया है।

गौरतलब है कि कांग्रेस ने कर्नाटक के दिग्गज नेताओं को बैठक के लिए दिल्ली बुलाया था। इसमें मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी शामिल थे। सिद्धारमैया ने मंगलवार को पार्टी के संगठन महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला से, कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में मुलाकात की थी।

**चार राज्यसभा सीटों पर होने हैं चुनाव :** गौरतलब है कि इससे पहले कांग्रेस नेतृत्व ने कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की बात से इनकार किया था। इंडिया टुडे के मुताबिक पार्टी की तरफ से कहा गया था कर्नाटक के राज्यसभा चुनाव और मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर बैठक में चर्चा होनी है।

बता दें कि कर्नाटक की चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव होने वाला है। अनुमान है कि कांग्रेस इनमें से तीन सीटें जीत सकती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि सिद्धारमैया को इन्हीं में एक सीट से राज्यसभा भेजने की तैयारी है।

सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री पद से हटाने की खबर तो आ रही है। लेकिन उनकी जगह, कर्नाटक में नया मुख्यमंत्री कौन होगा, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। कर्नाटक में सीएम पद के दावेदारों में, डीके शिवकुमार और जी परमेश्वर के नाम प्रमुखता से चल रहे हैं।

**तीन साल हो चुके हैं पूरे :** गौरतलब है कि सिद्धारमैया ने सोमवार को कहा था कि उन्हें कांग्रेस आलाकमान ने 26 मई को दिल्ली में एक बैठक के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि, उन्होंने कहा था कि उन्हें बैठक के एजेंडे के बारे में कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि कर्नाटक में 20 मई को कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे हो चुके हैं। यहां पर काफी अरसे से नेतृत्व परिवर्तन और मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर अटकलें चल रही हैं।

**ढाई-ढाई साल के फॉमूर्ले वाली बात :** शिवकुमार के समर्थक 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ ढाई-ढाई साल के लिए मुख्यमंत्री बनने को लेकर हुए कथित समझौते के तहत उनकी (शिवकुमार) पदोन्नति पर जोर देते रहे हैं। वहीं, सिद्धारमैया हमेशा यही कहते रहे हैं कि वह अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। दूसरी तरफ शिवकुमार ने लगातार यही कहा है कि वह कांग्रेस नेतृत्व के फैसले का पालन करेंगे और मुख्यमंत्री पद पर परिवर्तन के संबंध में परिणाम समय के साथ पता चल जाएगा।

## विश्व की पहली 'डिस्ट्रिक प्रीमियर लीग' का सुरेश रैना ने किया आगाज

### क्रिकेटर ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा को इस ऐतिहासिक पहल के लिए बधाई दी



**पहल**

**इस लीग के माध्यम से स्थानीय खिलाड़ियों को प्रतिभा साबित करने के लिए एक बेहतरीन और बड़ा प्लेटफॉर्म मिलेगा**











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश का गाजियाबाद शहर जल्द ही क्रिकेट जगत में एक नया इतिहास रचने जा रहा है। शहर में पहली बार 'गाजियाबाद प्रीमियर लीग' का आयोजन होने जा रहा है, जिसे लेकर क्रिकेट प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों में भारी उत्साह है।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज और दुनिया के नंबर एक फील्डर रहे सुरेश रैना ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह विश्व क्रिकेट के इतिहास में पहली बार है जब कोई 'डिस्ट्रिक प्रीमियर लीग' आयोजित की जा रही है।

यह बातें सुरेश रैना ने शहर के प्रसिद्ध 'रेडकॉरपेट' में आयोजित जीपीएल की भव्य ट्रॉफी और जर्सी लॉन्चिंग के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कहीं।

समारोह के दौरान सुरेश रैना ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा को इस ऐतिहासिक पहल के लिए बधाई दी। रैना ने कहा, राकेश मिश्रा ने गाजियाबाद में इस प्रीमियर लीग का आयोजन करके एक बहुत बड़ी लकीर खींची है। इस लीग के माध्यम से स्थानीय और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए एक बेहतरीन और बड़ा प्लेटफॉर्म मिलेगा।

### आठ टीमें दिखाएंगी अपना दम

जीपीएल के ब्रांड एंबेसडर सुरेश रैना ने सभी आठ टीमों के कप्तानों और फ्रेंचाइजी मालिकों के साथ मिलकर जर्सी और चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण किया। इस लीग में कॉरपोरेट जगत और मीडिया से जुड़े बड़े नाम दांव लगा रहे हैं, जिनमें जाने-माने उद्योगपति संजीव गुप्ता, मिग्सन ग्रुप और मीडिया जगत से अनुराग चड्ढा प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस ऐतिहासिक जर्सी लॉन्चिंग के अवसर पर राजनीति, व्यवसाय और समाजसेवा से जुड़ी कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सदर विधायक संजीव शर्मा, पूर्व विधायक जितेंद्र यादव, नगर निगम उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, थर्माकूल के एमडी राजीव गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी पवन शर्मा, समाजसेवी सोनू बत्रा सहित रेडकॉरपेट के एमडी विनोद त्यागी और दिशांत त्यागी ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

### 5 जून से सजेगा रोमांच का मैदान, ट्रायल से हुआ है चयन : राकेश मिश्रा

करंट क्राइम। यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने लीग की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता आगामी 5 जून से शुरू होने जा रही है, जिसमें बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता और प्रतिभा को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक टीम में 22 खिलाड़ियों का चयन कड़े ट्रायल के माध्यम से किया गया है।



## 'बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना : दूसरों की खुशी में शामिल होना ही असली मानवता' : बालेश्वर त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना। ये उक्ति है लेकिन है बहुत सुंदर। सड़क पर कोई बारात चढ़ रही है, बैंड की धुन और नाचते लोगों को देखकर किसी राह चलते व्यक्ति के पैर थिरकने लगें और वह भी नाचने लगे, शायद उस अवसर के लिए ही ये उक्ति बनी होगी। लेकिन वे दिन कितने अच्छे थे और वे लोग भी कितने अच्छे थे जब लोग अनजान लोगों की खुशी में भी शामिल हो जाते थे। आज तो ये बीते समय की बात हो गई। नेहरू नगर स्टेडियम में प्रतिदिन घूमने वाले डाक्टर एस के आहूजा (ईएनटी स्पेशलिस्ट) का जन्म दिन था। डाक्टर साहब की ओर से नाश्ते की व्यवस्था थी। बहुत सारे लोगों ने डाक्टर साहब को बधाई दी और नाश्ते का आनंद लिया। डाक्टर संभवतः गाजियाबाद के पहले ईएनटी स्पेशलिस्ट हैं। खुश मिजाज और मिलनसार व्यक्ति हैं। स्टेडियम में तो वे कभी कभी गाने भी गाते हैं, इसलिए उनके प्रशंसकों की संख्या भी अच्छी खासी है। उनकी सहनशक्ति भी बड़ी है।

आज मैने दो लोगों से अलग अलग पूछा कि कल आप डाक्टर साहब के जन्मदिन के कार्यक्रम में नहीं आए। एक ने कहा कि मैं तो जानकर नहीं आया। उन्होंने मुझे सम्मानपूर्वक निमंत्रण नहीं दिया। 'तुम भी आ जाना' कहना सम्मान पूर्वक निमंत्रण नहीं है। दूसरे ने कहा कि मुझे ये आदमी ही पसंद नहीं है, इस लिए मै आया ही नहीं।

कोई किसी को जन्म दिन की बधाई दे या न दे, इससे मुझे कोई मतलब नहीं है। लेकिन हम स्टेडियम किसी के निमंत्रण पर नहीं जाते। अपने स्वेच्छा से, अपने को स्वस्थ रखने के प्रयास में ऐसा करते हैं।

इसी क्रम में जिससे मन करता है, कुछ हाय हेलो हो जाती है, कुछ से राम राम श्याम श्याम हो जाती है और कुछ से कभी कभी कुछ हल्की फुलकी चर्चा भी हो जाती है। कुछ लोग ग्रुप में घूमते हैं, कुछ ग्रुप में जलपान करते हैं, एक दो ग्रुप तो रविवार को एक रंग की टी शर्ट पहनते हैं। अर्थात घूमने वालों का एक पूरा कुनबा है। उनमें भिन्नता है लेकिन एक एकता है कि सब घूमने आते हैं।

अगर किसी का जन्म दिन है जो रोज हमें स्टेडियम में मिलते हैं, उनसे नमस्कार होती है, उसे जन्म दिन की बधाई देना तो बनता है।

व्यक्ति में इतनी उदारता तो होनी ही चाहिए कि हम उसे उसके जन्म दिन पर बधाई दे दें। आप उनका जलपान करें या न करें ये आपकी स्वेच्छा है। लेकिन बधाई देने से बचने के लिए आप घूमने भी न आएं ये आपके छोटे मन का प्रदर्शन है।

दूसरे की खुशी में खुश होना और दूसरे के गम में दुखी होना, मानव का स्वाभाविक गुण है। जिस मात्रा में मानव में इसका अभाव है, उस मात्रा में उसमें मानवता की कमी है। धन्य हैं वे लोग जो अनजान के सुख में भी हिस्सेदार होते हैं और उसके दुख में साथ खड़े होते हैं। मानवता ऐसे ही लोगों के सहारे जीवित है। वे उस मात्रा में भाग्यशाली नहीं हैं जो अपने परिचितों के आनंद से आनंदित नहीं हो पाते। अब्दुल्ला सच में महान है जो बेगानी शादी में भी दीवाना है।




**धन्य हैं वे लोग जो अनजान के सुख में भी हिस्सेदार होते हैं और उसके दुख में साथ खड़े होते हैं। मानवता ऐसे ही लोगों के सहारे जीवित है।**

**प्रमुख बातें**

1. **दूसरों की खुशी में शामिल होना मानवता का सुंदर गुण है**
लेखक ने बताया कि पहले लोग अनजान लोगों की खुशियों में भी सहज रूप से शामिल हो जाते थे, जो आज कम होता जा रहा है।

2. **डॉ. एस.के. आहूजा का मिलनसार व्यक्तित्व लोगों को जोड़ता है**
नेहरू नगर स्टेडियम में नियमित रूप से आने वाले ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आहूजा अपने खुशमिजाज स्वभाव और सामाजिक व्यवहार के कारण लोगों में लोकप्रिय हैं।

3. **अहंकार और व्यक्तिगत पसंद मानव संबंधों में दूरी बढ़ाते हैं**
कुछ लोगों ने केवल इसलिए जन्मदिन कार्यक्रम में भाग नहीं लिया क्योंकि उन्हें औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला या वे व्यक्ति विशेष को पसंद नहीं करते थे।

4. **स्टेडियम केवल व्यायाम का स्थान नहीं, सामाजिक एकता का केंद्र भी है**
वहां आने वाले लोग अलग-अलग स्वभाव और समूहों के होने के बावजूद एक साझा जुड़ाव रखते हैं, जो आपसी संवाद और अपनत्व से बनता है।

5. **दूसरों के सुख-दुख में सहभागी होना ही सच्ची मानवता है**
लेखक के अनुसार, जो लोग दूसरों की खुशी में आनंदित होते हैं और दुख में साथ खड़े रहते हैं, वही समाज में मानवता को जीवित रखते हैं।

## जब गौतम ने लिखा फेसबुक पर सिर्फ 2027 तो सुलग उठी दावेदारी की आग
## दूसरा पक्ष बोला- सारी लाइनें हैं बिजी, बाद में सोचना तुम ये बात










**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गर्मी के मौसम में पॉलिटिकल पारा भी हाई चल रहा है। सब जानते हैं कि ये 2026 चल रहा है और 2027 का वर्ष चुनावी ईयर है। दावेदारियां शुरू हो गई हैं, कोई दीवारों पर लिखवा रहा है, कोई सोशल मीडिया पर माहौल बना रहा है। वहीं समर्थकों का एक टोला ऐसा भी है कि अगर कोई उनके जनप्रतिनिधि वाली विधानसभा में सिर्फ साल का नाम भी लिख दे तो इंतकाम के शोले भड़क उठते हैं।

केवल नाम लिखने से ही बात कहां तक जाती है इसका मुलाहिजा फेसबुक पर हो गया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बीएल गौतम ने फेसबुक पर सिर्फ 2027 लिखा था।

इसमें उन्होंने कहीं भी दावेदारी नहीं की, विधानसभा का जिक्र नहीं किया, लेकिन सिर्फ साल का नाम लिखने से ही पूर्व मंडल अध्यक्ष की दावेदारी मान ली गई।

इसके बाद फिर दूसरी तरफ से समर्थक मैदान में आ गए। उन्होंने 2027 लिखने वाले को घेर लिया। यहां पार्षद नरेश भाटी सामने आए। उन्होंने लिखा कि इस रूट की सभी लाइनें 2032 तक रिजर्व हैं।

इसके बाद यहां मंडल अध्यक्ष रहे आलोक शर्मा मैदान में आए और उन्होंने लिखा कि इस रूट की सभी लाइनें बिजी हैं और ज्यादा चुल है तो कहीं और खेलो। सोशल मीडिया पर दावेदारी जैसा शब्द कोई नहीं लिखा मगर, सब समझ रहे हैं और कह रहे हैं।

पूर्व विधायक रूप चौधरी भी यहां लाफिंग इमोजी के साथ आ गए। आलोक शर्मा ने जो बात लिखी उसकी काट के लिये पंचम चौधरी आगे आए। उन्होंने आलोक शर्मा के लिये लिखा कि भाई तुम अपने वार्ड को ही देख लो वहां 'नो' वेकेंसी ना हो जाए। बीएल गौतम के समर्थक भी यहां मौजूद थे। यहां करन राजपूत आए और उन्होंने बीएल गौतम जिंदाबाद लिखा। सीन में पप्पू पहलवान के नाम की भी एंट्री हो गई।

यहां पुष्पेंद्र चौधरी ने पप्पू पहलवान जिंदाबाद लिखकर अपनी बात कही। कुल मिलाकर चुनावी पारे का अनुमान हो गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने सिर्फ 2027 लिखा था और इतनी सी बात पर फेसबुक पर घमासान हो गया। तूफान आ गया।

### शहर मंडल अध्यक्ष ने भी लगा दी छलांग

नदिया पार वालों में घमासान हो रहा था। सियासी वफादारी बताई जा रही थी। ये बताया जा रहा था कि अभी एक और पारी खेली जाएगी। कोई वार्ड पर फोकस के लिये कह रहा था, इसी बीच इस रण में शहर मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता भी कूद गए। उन्होंने लिखा-2037 तक शहर सीट भी रिजर्व है। शहर मंडल अध्यक्ष अपने हिसाब से बता रहे थे और उन्होंने बता दिया कि 27 में भी चांस नहीं है और 32 में भी चांस नहीं है।

## 'सामाजिक समरसता महारैली' की कमान
## डॉ. राम अवतार जिंदल को, सुभासपा ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी



**लखनऊ, करंट क्राइम।** सुभेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने आगामी 31 जुलाई 2026 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली 'सामाजिक समरसता महारैली' की तैयारियों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के निर्देशानुसार व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राम अवतार जिंदल को संपूर्ण महारैली कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

पार्टी द्वारा जारी संशोधित आवश्यक सूचना में डॉ. राम अवतार जिंदल को कार्यक्रम संचालन और व्यवस्थाओं की मुख्य जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के भीतर उनकी सक्रिय भूमिका, संगठनात्मक क्षमता और व्यापारी वर्ग में मजबूत पकड़ को देखते हुए यह अहम दायित्व दिया गया है।

### डॉ. राम अवतार जिंदल पर पार्टी नेतृत्व ने जताया भरोसा

**करंट क्राइम।** पार्टी नेतृत्व का मानना है कि डॉ. राम अवतार जिंदल के नेतृत्व में 'सामाजिक समरसता महारैली' को ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप मिलेगा। लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे जिंदल को पार्टी का मजबूत रणनीतिक चेहरा माना जाता है।

### तीन सह-प्रभारियों की भी हुई नियुक्ति

**करंट क्राइम।** महारैली के सफल संचालन के लिए रितेश राम, दयाराम भार्गव और शिशुपाल यादव को सह-प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने सभी पदाधिकारियों से पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## क्यों नहीं खुले पूर्वांचल भवन के द्वार, उठा सवाल
## हमारे समाज का भवन और हमें ही इनकार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** किसी भी समाज के नाम पर जब कोई भवन बनाया जाता है तो ये बात समझी जाती है कि इस भवन में उसी समाज के लोगों से जुड़े सामाजिक कार्यक्रम होंगे। गाजियाबाद में पूर्वांचल समाज के लोगों के लिये अर्थला में पूर्वांचल भवन बना है, वहीं उत्तराखण्ड के लोगों के लिये इंदिरापुरम में उत्तरांचल भवन बनाया गया है, लेकिन अगर समाज के लोग, समाज की बैठक करने जाएं और उन्हें भवन में स्थान ना मिले, उनके लिये द्वारा ना खुले तो फिर समाज के लोगों के बीच ये सवाल खड़ा होता है कि आखिर ये भवन किसलिये बने हैं। मंगलवार को अर्थला में बने पूर्वांचल भवन के बाहर कुछ ऐसा ही नजारा दिखाई दिया। पूर्वांचल समाज के लोग पूर्वांचल भवन की सदस्यता लेने के लिये एक बैठक करना चाहते थे। उन्हें ये उम्मीद थी कि बैठक पूर्वांचल समाज की है तो वो यहां बैठक कर सकते हैं। लेकिन जब पूर्वांचल समाज के लोग पहुंचे तो वहां मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पूर्वांचल के लोगों को पूर्वांचल भवन में प्रवेश करने से रोक दिया।



यहां पता चला कि कोई निगम की पर्ची कट रही है, सदस्यता दो साल से लेकर आजीवन तक है और प्रवेश वाली रोक नगर निगम के स्तर से है। इस बात को लेकर पूर्वांचल समाज के लोग नाराज हो गए। पूर्वांचल समाज के डीएन सिंह का कहना था कि हमारे ही समाज का भवन है और हमारे ही समाज के लोगों को एंट्री नहीं दी जा रही। हमारे ही समाज के लोग यहां बैठक नहीं कर सकते। इसके बाद पूर्वांचल समाज के लगभग साठ लोगों ने फिर सिकंदर यादव फार्म हाउस वृंदावन में यह बैठक की।



# पेट्रोल-डीजल के बाद अब सीएनजी महंगी, 2 रुपये प्रति किलो रेट बढ़े

**हाय महंगाई!**

**सीएनजी की कीमतों में भी चौथी बार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है।**




**नई दिल्ली।** पेट्रोल डीजल के बाद सीएनजी की कीमतों में भी चौथी बार बढ़त्तरी देखने को मिल रही है। आज, 26 मई से सीएनजी की दरें 2 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दी गई हैं।

15 मई के बाद यह चौथी बढ़ोतरी है। इस ताजा बदलाव के बाद, राष्ट्रीय राजधानी में सीएनजी की कीमत अब 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

**11 दिनों में 6 रुपये बढ़े दाम :** पिछली तीन बढ़ोतरी इस प्रकार थीं- 15 मई को 2 रुपये, 18 मई को 1 रुपया, और 23 मई को 1 रुपया और आज यानी 26 मई को 2 रुपये कुल मिलाकर, पिछले 11 दिनों में कीमतों में 6 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

**दिल्ली एनसीआर में सबसे ज्यादा असर :** सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी का असर सबसे अधिक दिल्ली-एनसीआर में देखने को मिल सकता है। क्योंकि, दिल्ली-एनसीआर में ऑटो, टैक्सी, स्कूल वैन और प्राइवेट कारों में सीएनजी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। ऑटो रिक्शा चालकों की मानें तो सीएनजी की कीमतों में बार-बार हो रही बढ़ोत्तरी से उनकी रोजाना की कमाई प्रभावित हो रही है। ईंधन की कीमतों में लगातार वृद्धि से परिवहन लागत और घरेलू बजट पर दबाव बढ़ने की आशंका है

**युद्ध की वजह से दामों में हो रही वृद्धि :** गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण ईंधन की कीमतों में वृद्धि देखने को मिल रही है।

## बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 24 करोड़ की ठगी

**कर्नाटक।** कर्नाटक राज्य साइबर कमांड ने डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ कर छह लोगों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही अपराध में इस्तेमाल किए गए छह मोबाइल फोन भी जब्त किए। बंगलूरू के साइबर कमांड पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रणब मोहंती ने बताया कि आरोपियों ने खुद को सीबीआई और ईडी का वरिष्ठ अधिकारी बताकर 74 साल की महिला से 24 करोड़ रुपये ठगे। डीजीपी मोहंती ने आगे बताया कि आरोपियों की पहचान तमिलनाडु के इरोड के रहने वाले एन शिवज्ञानम, मुंबई के अक्काच मलिक, अहमदाबाद के पलक भाई पटेल और अमित नरेंद्र पटेल, नई दिल्ली के ओम प्रकाश राजपूत और बिहार के गौरव कुमार के तौर पर की गई। उन्होंने बताया कि उनकी टीम ने एनसीआरपी पोर्टल की मदद से अपराध से हासिल अवैध पैसे को वैध बनाने में इस्तेमाल किए जा रहे कई म्यूल खातों को फ्रीज करने में कामयाब रही।

# सीएम शुभेंदु के बड़े एलान: हर माह 3000 पाने के लिए 27 मई से फॉर्म भरें महिलाएं

## 5 रुपए में मिलेगी मछली-चावल की थाली



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य की जनता के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। उन्होंने कल्याणी में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 27 मई से 'अन्नपूर्णा योजना' के फॉर्म बांटना शुरू कर देगी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि भारत का कोई भी नागरिक इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र है। इसके फॉर्म राज्य सचिवालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने घोषणा की कि अब स्कूल, कॉलेज और किसी भी धार्मिक स्थल के एक किलोमीटर के दायरे में शराब की दुकानें खोलने की अनुमति नहीं होगी। यह फैसला शिक्षण संस्थानों और मंदिरों की पवित्रता बनाए रखने के लिए लिया गया है।

गरीबों के भोजन के लिए भी सरकार ने विशेष योजना बनाई है। राज्य भर में लगभग 400 विशेष कैंटीन खोली जाएंगी। इन कैंटीन में लोगों को हफ्ते में दो दिन मात्र 5 रुपये में मछली और चावल का भरपेट भोजन मिलेगा। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार एक नया 'आयुष' विभाग भी बनाएगी। अभी तक यह स्वास्थ्य विभाग का हिस्सा था, लेकिन अब इसे एक अलग विभाग के रूप में पहचान मिलेगी।

यह सभी घोषणाएं कल्याणी में आयोजित एक समीक्षा बैठक के दौरान हुईं। इस बैठक में नदिया, उत्तर 24 परगना और हुगली जिलों में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया गया। बैठक में तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष दस्तीदार भी शामिल हुईं। उनके साथ देगंगा, स्वरूपनगर और हरोआ के विधायक भी मौजूद रहे। काकोली घोष दस्तीदार ने कहा कि प्रशासन सभी के लिए समान होता है।

## बंगाल: होल्डिंग सेंटर शुरू, 12 संदिग्ध घुसपैठिए रखे गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार ने घुसपैठ के खिलाफ अभियान पता लगाओ, हटाओ और निर्वासित करो शुरू कर दिया है। गृह मंत्रालय व आव्रजन एवं विदेशी अधिनियम-2025 के तहत सीमावर्ती जिलों में होल्डिंग सेंटर (अस्थायी शिविर) शुरू कर दिए हैं। केंद्रों में अब तक छह नाबालिगों समेत 12 संदिग्धों को रखा है। मुर्शिदाबाद के लालगोला स्थित पद्मा भवन और मालदा के चंदन पार्क में बने केंद्रों में संदिग्ध बांग्लादेशियों को कड़ी सुरक्षा में रखा जा रहा है। पद्मा भवन में बने शिविर में तीन संदिग्ध घुसपैठिये रखे गए हैं। चंदन पार्क में नौ संदिग्धों को रखा गया है। इनमें तीन महिलाएं व छह नाबालिग हैं। इन्हें रविवार को पकड़ा था। संदिग्धों को केंद्रों में अधिकतम 30 दिन रखा जाएगा, जहां उनके बायोमेट्रिक डाटा और दस्तावेज की जांच होगी। फिर उन्हें निर्वासन के लिए सीमा सुरक्षा बल को सौंप दिया जाएगा।

# फलता हिंसा : टीएमसी नेता की बढ़ी मुश्किलें कलकत्ता हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत वापस ली



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी नेता जहांगीर खान को मिली अंतरिम राहत वापस ले ली है। अदालत ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर लगी रोक हटा दी है। अब जांच एजेंसियां मामले में आगे की कार्रवाई कर सकेंगी। यह सुनवाई जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ में हुई। इस फैसले के बाद अब जहांगीर खान के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया सामान्य तरीके से आगे बढ़ सकेगी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने उपलब्ध तथ्यों और जांच से जुड़े पहलुओं पर विचार करने के बाद यह निर्णय सुनाया।

जहांगीर खान के खिलाफ 29 अप्रैल को हुए नियमित मतदान से पहले और मतदान के दिन मतदाताओं को डराने-धमकाने के आरोप में कई एफआईआर दर्ज की गई थीं। गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए खान ने 18 मई को कलकत्ता हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। उसी दिन मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस भट्टाचार्य ने उन्हें 24 मई तक गिरफ्तारी समेत किसी भी कठोर पुलिस कार्रवाई से अंतरिम राहत दे दी थी। साथ ही अदालत ने 26 मई को अगली सुनवाई की तारीख तय की थी। मंगलवार को यह मामला अदालत के पहले सत्र के अंत या दूसरे सत्र की शुरूआत में सुना जा सकता है।

इस बीच 21 मई को हुए पुनर्मतदान से पहले जहांगीर खान ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनावी मुकाबले से हटने का एलान किया था। उन्होंने कहा था कि वह नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी द्वारा फलता के लिए घोषित विशेष विकास पैकेज के समर्थन में यह फैसला ले रहे हैं। हालांकि उनका यह फैसला केवल प्रतीकात्मक रहा, क्योंकि पुनर्मतदान के दिन भी उनका नाम ईवीएम पर मौजूद था और वे आधिकारिक तौर पर उम्मीदवार बने रहे। 24 मई को घोषित चुनाव परिणामों में बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। सीपीएम उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी दूसरे स्थान पर रहे।

## हावड़ा में कुख्यात अपराधी को पुलिस ने अंडरवियर में घुमाया

**कोलकाता।** बंगाल के हावड़ा में कुख्यात अपराधी आकाश सिंह को पुलिस ने अंडरवियर में सड़क पर घुमाया। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्रवाई को लेकर बहस शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार हावड़ा सिटी पुलिस आरोपी आकाश सिंह को अपनी हिरासत में लेकर मालीपांचघरा और गोलाबाड़ी थाना क्षेत्रों में विभिन्न अपराध स्थलों पर पहुंची। मुख्यमंत्री पहले ही कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर ह्यजीरो टॉलरेंसह्न नीति की बात कह चुके हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई क्राइम सीन रीकंस्ट्रक्शन प्रक्रिया का हिस्सा थी, जिसके जरिये पुराने मामलों में अपराध की योजना, सहयोगियों और घटनाक्रम की जानकारी जुटाने की कोशिश की गई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपी को अलग-अलग इलाकों में ले जाया गया।

# 28 मई को मनाई जाएगी बकरीद, पुराने लखनऊ में छाई रौनक, सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व 28 मई को मनाया जाएगा। मुस्लिम समुदाय में इसे लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जहां बाजारों में बकरों की मंडी लगने लगी है। वहीं मस्जिदों और ईदगाहों में साफ-सफाई व व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं सुन्नी धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने बताया कि ऐशबाग स्थित ईदगाह में बकरीद की नमाज 28 मई को सुबह 10 बजे अदा की जाएगी। उन्होंने लोगों से समय से ईदगाह पहुंचने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की है। साथ ही सड़कों पर नमाज अदा न करने को कहा है, ताकि यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। उन्होंने कुबार्नी के दौरान साफ-सफाई और एहतियात बरतने की भी अपील की। कुबार्नी निर्धारित स्थानों पर ही करें और अवशेष खुले में न डालें।

शिया धर्म गुरु मौलाना कल्बे जवाद और मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने भी बकरीद का पर्व 28 मई को मनाए जाने की बात कही। दोनों धर्मगुरुओं ने कहा कि धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ प्रशासनिक नियमों और सामाजिक जिम्मेदारियों का पालन भी जरूरी है।

सभी धर्म गुरुओं ने खुले में कुबार्नी नहीं करने की भी मुस्लिम समुदाय से अपील की है। बकरीद को लेकर प्रशासन भी सतर्क है। ईदगाहों और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है, जबकि नगर निगम की ओर से सफाई और पेयजल की अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# राम रहीम को फिर मिली पैरोल तीस दिन के लिए जेल से आया बाहर



**सिरसा।** डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह को 21 दिन की पैरोल मिली है। मंगलवार सुबह सात बजे उनके रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आने की सूचना है। गुरमीत की पैरोल को लेकर सिरसा में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई है। ऐसे में डेरा के आस पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है।

साध्वी यौन शोषण मामले में 20 साल की सजा काट रहा गुरमीत सिंह वर्ष 2026 में पांच जनवरी को 40 दिन की पैरोल पर बाहर आया था। तब शाह सतनाम सिंह का अवतार दिवस था। इस वर्ष में उसकी दूसरी पैरोल है। इससे पहले वह 15 बार पैरोल और फरलो ले चुका है और अब उसकी 16 वीं पैरोल है।

डेरा प्रमुख रणजीत हत्याकांड और छत्रपति हत्याकांड में बरी हो चुका है। इस साल सात मार्च को गुरमीत को पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने छत्रपति हत्याकांड से उसे बरी किया था। अब उसने साध्वी यौन शोषण मामले में सीबीआई की विशेष अदालत के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर की हुई है।

डेरा प्रमुख जब पिछली बार सिरसा आया था तो उस समय उसे पुराने डेरे के पुन निर्माण शुरू करवाया था। गुरमीत सिंह ने 40 दिन की पैरोल के दौरान वह नियमित तौर पर पुराने डेरे में आकर काम का निरीक्षण करता था। जिसका काम आज भी जारी है।

इसके पास स्थित लड़कों के स्कूल को नए डेरे के पास शिफ्ट करने की योजना है। इस डेरे की स्थापना डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक शाह मस्ताना ने की थी।

## टैक्स, टोल और ट्रैफिक में फंसी राजधानी की रफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वाहन खरीदना अब केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि एक महंगा निवेश बनता जा रहा है। कोई भी व्यक्ति जब बाइक या कार खरीदता है तो उसे सिर्फ वाहन की मूल कीमत नहीं, बल्कि जीएसटी, रोड टैक्स, रजिस्ट्रेशन शुल्क, बीमा और अन्य शुल्क भी चुकाने पड़ते हैं। राहत आगे भी नहीं मिलती, क्योंकि रोजमर्रा की जिंदगी में पार्किंग शुल्क, टोल टैक्स और पेट्रोल-डीजल पर कर का अतिरिक्त बोझ अलग से उठाना पड़ता है। इस सबके बावजूद दिल्लीवासियों को जाम से निजात नहीं मिल रही है। इससे लोगों को आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार यदि 8 लाख रुपये की कार खरीदता है, तो उसकी ऑन-रोड कीमत करीब 9 लाख रुपये तक पहुंच जाती है। वहीं, 1 लाख रुपये की बाइक सड़क पर उतरते-उतरते लगभग 1.20 लाख रुपये की पड़ती है।

राजधानी को जाम से राहत दिलानी है तो केवल सड़क चौड़ी करने से काम नहीं चलेगा।

# पन्ना में बड़ा हादसा: निमार्णाधीन कुआं धंसने से पांच मजदूरों की मौत



**पन्ना:** मध्य प्रदेश के पन्ना में एक बड़ा हादसा हुआ है। पन्ना के अजयगढ़ क्षेत्र के बीहरपूवा गांव में निमार्णाधीन कुआं धंस गया है। कुएं की मिट्टी अचानक भरभराकर गिरने से सात लोग मलबे में दब गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग तुरंत बचाव कार्य में जुट गए।

मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में पांच व्यक्तियों की मौत हो गई है। दो शवों को अभी तक निकाला गया है। वहीं, तीन शवों को निकालने की कोशिश जारी है। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में वहां ग्रामीण जमा हो गए हैं। जेसीबी के जरिए अंदर से निकालने की कोशिश जारी है। आरोप है कि सूचना मिलने के बाद भी पन्ना प्रशासन की टीम काफी देर से पहुंची।

जानकारी के अनुसार, हादसे के समय कुएं का निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान मिट्टी धंस गई और वहां काम कर रहे मजदूर नीचे दब गए। दबे लोगों में चुन्नू यादव, रामपाल यादव, राजुमार यादव, आशीष यादव और चुनवाद पाल शामिल बताए जा रहे हैं। हादसे में दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि अन्य को निकालने के प्रयास जारी हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने जेसीबी और एलएनटी मशीनों की मदद से खुदाई शुरू कर दी है। रेस्क्यू और बचाव दल भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटा हुआ है।

## सीबीआई ने घूसखोर जेई किया गिरफ्तार

**नरवाल।** सीबीआई ने जम्मू के नरवाल स्थित पीएचई मैकेनिकल अर्बन सर्कल के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में कार्यरत एक कनिष्ठ सहायक (जेई) को रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शिकायकर्ता से उसकी पेंशन प्रक्रिया को मंजूरी देने के लिए 4,500 रुपये की घूस मांगी थी। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा गया कि शिकायत मिलने पर उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया और जांच शुरू की। इस दौरान पता चला कि आरोपी ने रिश्वत लेने के लिए व्हाट्सएप के माध्यम से क्यूआर कोड साझा किया था। सीबीआई ने रविवार को जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, 'गुवाहाटी में भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे का स्वागत और उनसे मिलकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' सरमा ने कहा कि भारत और भूटान के बीच 'बहुत ही विशेष ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध' हैं और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभा रहा है।

# महंगाई के विरोध में सपा ने बैलगाड़ी पर बाइक लादकर निकाला जुलूस



**बरेली।** बरेली में समाजवादी युवजनसभा के कार्यकताओं ने मंगलवार को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। सपा कार्यकताओं ने पटेल चौक स्थित लोहिया बिहार कार्यालय से कलक्ट्रेट तक बैलगाड़ी पर बाइक लादकर जुलूस निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के हाथों में एलपीजी सिलिंडर, स्मार्ट मीटर और तवा भी नजर आए।

कार्यकताओं ने बैलगाड़ी पर मोटरसाइकिल लादकर यह संदेश दिया कि जनता अब अपनी गाड़ियां चलाने में असमर्थ है। उनका कहना था कि पेट्रोल की कीमत सौ रुपये के पार पहुंच गई है। इससे आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। प्रदर्शनकारियों ने बिजली कटौती का मुद्दा भी उठाया। सपा नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तंज कसा। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में विफल रही है।

सपा नेताओं के अनुसार, पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों में वृद्धि से परिवहन खर्च बढ़ गया है। इसका सीधा असर खान-पान सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ा है। आम आदमी के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना भी मुश्किल हो गया है। पार्टी ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि महंगाई नियंत्रित नहीं हुई तो और उग्र आंदोलन किए जाएंगे।

# मकबरा और मंदिर विवाद: लखनऊ में विवादित ढांचे के पास पुलिस फोर्स तैनात





**लखनऊ।** मलिहाबाद के कसमंडी कलां गांव में बड़े मंगल को देखते हुए प्रशासन विवादित ढांचों की सुरक्षा बढ़ाते हुए बागों में पुलिस कर्मी तैनात किए हैं। साथ ही ढांचों के पास जाने से पूर्ण रूप से रोक लगा दी है। बीते शनिवार को सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी शाम लगभग साढ़े छह बजे दो पुराने ढांचे के पहुंच कर हनुमान चालीसा पढ़ने की कोशिश की थी। साथ ही मंगलवार को फिर आकर हनुमान चालीसा पढ़ने की बात कही थी। जिसके बाद से प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। किसी प्रकार माहौल खराब करने वाली गतिविधियां न हो सके। मंगलवार को पुरातत्व की टीम पहुंचने की उम्मीद है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस बल सभी रास्तों के साथ बागों में भी तैनात है। सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

**नुक्कड़ सभा कर किला बचाने के लिए मांगा था समर्थन :** लाखन आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरज पासी ने सोमवार को मोहनलाल गंज सांसद आरके चौधरी, अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद, मछली शहर सांसद पप्रिया सरोज, कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज से राज पासी राजा कंस पासी का किला बचाने के लिए वीडियो जारी साथ मांगा था। साथ ही हरदोई , सीतापुर जिलों में ग्रामीणों के साथ नुक्कड़ सभा कर किला बचाने के लिए साथ मांगा।

# यूपी में सरकार अपनी धाक जमाने के लिए फेक एनकाउंटर करा रही : अखिलेश



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा जमकर बोला। पुलिस की कार्यशैली भी सवाल उठाए। कहा कि आजकल फेक एनकाउंटर की खबरें काफी सुनने को आ रही हैं। कई परिवारों ने इस बारे में खुलकर बात की है। इससे पता चलता है कि सरकार फेक एनकाउंटर की साजिश लगातार कर रही है। सरकार की मर्जी के अनुसार फेक एनकाउंटर हो रहा है। अपनी धाक जमाने के लिए यूपी में एनकाउंटर किए जा रहे हैं।

ये सरकार जाति देखकर एनकाउंटर करवाती है। अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही केंद्र की भाजपा सरकार भी गिर जाएगी। भाजपा सरकार फेक एनकाउंटर की तरह फेक अर्थव्यवस्था का भी प्रचार कर रही है। डॉलर जितना ऊपर जाएगा, चाय उतनी महंगी होती जाएगी और इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है।

भाजपा सरकार के 10 वर्षों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए हैं। सबसे अधिक फर्जी एनकाउंटर पीडीए वर्ग के लोगों के हुए हैं और उन्हें धमकाने के उद्देश्य से इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। अखिलेश यादव ने जौनपुर के एक यादव पुजारी के कथित एनकाउंटर का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने संघर्ष करके पुजारी परिवार को न्याय दिलाया और दोषियों को जेल भिजवाया।

फर्जी एनकाउंटर करने वाले लोग मानसिक रोगी बन जाते हैं। उन्होंने 2020 हाथरस केस का जिक्र करते हुए कहा कि जो तस्वीर 2020 में हाथरस में देखने को मिली थी, वैसी ही स्थिति अब 2026 में भी दिखाई दे रही है।

# आगरा-मथुरा के लिए भी बुलेट ट्रेन 350 किमी प्रतिघंटा होगी रफ्तार



**आगरा।** यमुना प्राधिकरण के पांच में से तीन अर्बन सेंटर्स यानी औद्योगिक टाउनशिप को बुलेट ट्रेन आपस में जोड़ेगी। दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड ट्रेन प्रोजेक्ट में मथुरा में राया अर्बन सेंटर के पास इटौली गांव और आगरा अर्बन सेंटर के पास एत्मादपुर मदरा गांव के पास में बुलेट ट्रेन के स्टेशन बनाए जाने प्रस्तावित हैं। इन जगहों पर इलाके को विकसित कर राजस्व जुटाने की योजना में जमीन की तलाश भी नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने शुरू कर दी है।

सोमवार को एनएचएसआरसीएल के कंसल्टेंट नाइट फ्रेंक के प्रतिनिधि ने रूट अलाइनमेंट और स्टेशनों की लोकेशन को लेकर यमुना प्राधिकरण के एसीईओ शैलेंद्र भाटिया से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उन्हें राया अर्बन सेंटर और आगरा अर्बन सेंटर दोनों जगह करीब 250 एकड़ या अधिक जमीन चाहिए। इस जमीन पर आवासीय व कामर्शियल उपयोग के निर्माण किए जाएंगे।

यह बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए अतिरिक्त राजस्व आय का भी माध्यम बनेगा। जहां भी स्टेशन आएंगे, उसके आसपास भी विकास हो सकेगा। इसको लेकर आगरा विकास प्राधिकरण से कंसल्टेंट कंपनी ने संपर्क किया है। आगरा अर्बन सेंटर को पहले ही इनर रिंग रोड इस बुलेट ट्रेन के स्टेशन से जोड़ेगी।

# वेतन नहीं मिला तो कर्मचारियों ने गायब किया लाखों का सोना

## जांच के बाद किए नौ आरोपी गिरफ्तार



**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू शहर की एक निजी कंपनी में कार्यरत नौ लोगों को सोने की छड़ों और आभूषणों की कथित चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। यह मामला तब सामने आया जब नागरथपेट मेन रोड पर स्थित निजी सोने की कंपनी के मालिक ने 12 मई को हलासुरु गेट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के अनुसार कंपनी में पिछले छह महीनों से सोने और चांदी का काम करने के लिए कार्यरत नौ श्रमिकों ने कथित तौर पर 11 मई की रात को परिसर से सोने की छड़ें और आभूषण चुरा लिए और फरार हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने कई एंगल से पूछताछ करके विश्वसनीय जानकारी जुटाई। इस दौरान उन्होंने पता चला कि नौ मजदूर बंगलूरू से विशाखापत्तनम होते हुए ट्रेन से पश्चिम बंगाल जा रहे थे।

इस सूचना के आधार पर, 13 मई को पुलिस ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक रेलवे स्टेशन के पास से नौ श्रमिकों को चोरी किए गए सोने के बिस्कुट और आभूषणों के साथ गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली, जिसके बाद उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और दो दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कहा कि उन्होंने चोरी इसलिए की क्योंकि उन्हें नियमित रूप से वेतन नहीं मिल रहा था और वह आसानी से पैसा कमाना चाहते थे।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। बुधवार 27 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Atul Garg · Follow
8h

भारतीय जनता पार्टी, चंडीगढ़ के खेल प्रकोष्ठ द्वारा पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित "खेलो चंडीगढ़ गेम्स 2026" के भव्य उद्घाटन समारोह में सहभागिता करने का अवसर प्राप्त हुआ!!

#KheloChandigarhGames2026 #BJPSportsCell #Chandigarh



# जब चल रहा था ट्रैफिक पुलिस का अभियान तब लाल टोपी वाले चेहरे को देखकर रह गए सब हैरान

## सपा के जिला महामंत्री राजन कश्यप का पुलिस संग अभियान बना सुर्खियां

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिनकी सरकार होती है वो किसी भी अभियान में सहयोगी के रूप में दिखाई देते हैं। प्रशासन के अधिकारी हों, पुलिस के अधिकारी हों वो हमेशा सत्ताधारी को तवज्जो भी देते हैं। ये आम बात है और ऐसा अक्सर होता रहता है, लेकिन अगर कोई विपक्ष का नेता सरकार के अभियान में दिखाई दे और सबसे बड़ी बात ये कि पुलिस के अधिकारी उसे तवज्जो दें तो फिर सबका ध्यान जाता है। एक ऐसा भी सीन हो गया जब समाजवादी पार्टी के एक महामंत्री लाल टोपी पहने पुलिस अधिकारियों के साथ नजर आए। ये फोटो सामने आई तो सब हैरान रह गए। अभियान से जुड़ी ये फोटो सबका ध्यान आकृष्ट कर रही है।










दूर से कुछ दिखाई दे रहा था, लेकिन पास आने पर वो कुछ और नजर आया। दूर से देखने पर सीन कुछ और था और पास आने पर नजारा कुछ और था। पुलिस अधिकारियों के साथ कदमताल करते समाजवादी पार्टी के लाल टोपीधारी ये नेता जिला महासचिव राजन कश्यप थे। दूर से जो चीज तवज्जो वाली लग रही थी पास आने पर पता चला कि ये ट्रैफिक पुलिस का अभियान है और लाल टोपी वाले नेताजी बिरादरी की किसी सामाजिक संस्था की पहचान के साथ यहां एंट्री ले रहे थे। ट्रैफिक पुलिस का ये अभियान था, इसमें सड़कों पर फूल बांटे जा रहे थे, गमले बांटे जा रहे थे, ठंडा पानी बांटा जा रहा था। राजन कश्यप भी इसी काम में लगे हुए थे। वो लोगों से अपील कर रहे थे कि यातायात नियमों का पालन करें।

लोग हैरान की सपा नेता को पुलिस इतनी तवज्जो क्यों दे रही है और पुलिस के अफसर इस बात से अंजान कि उनके साथ सहयोगी बनकर जल वितरण करने वाले मिस्टर कश्यप समाजवादी नेता हैं। ये कश्यप सेवा संस्थान के बैनर पर हो रहा था। एक अच्छा काम समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव राजन कश्यप कर रहे हैं।

यातायात नियमों की अपील, शीतल जल का वितरण, ये सभी सामाजिक काम हैं, लेकिन राजनीतिक व्यक्ति की अपनी पहचान होती है और उन्होंने पार्टी की लाल टोपी भी पहनी थी। हालांकि बाद में पूरा सीन स्पष्ट हो गया कि ये सामाजिक संस्था के बैनर पर सामाजिक अभियान था। सामाजिक कार्य में पुलिस के अफसर भी शामिल थे।

# दरोगा ने बनाई रील, डीसीपी ने कराई फिर लाइन हाजिर वाली फील

**एक्शन**

**बताया जा रहा है कि अमन सोनकर ने सोशल मीडिया पर वर्दी से जुड़ी रील और वीडियो सामग्री पोस्ट की थी**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोशल मीडिया पर रील बनाकर चर्चा में आना थाना लिंक रोड में तैनात एक दरोगा को भारी पड़ गया। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन धवल जायसवाल ने थाना लिंक रोड में तैनात उपनिरीक्षक अमन सोनकर को विभागीय सोशल मीडिया गाइडलाइन का पालन न करने तथा पुलिस विभाग की छवि खराब करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। बताया जा रहा है कि उपनिरीक्षक अमन सोनकर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वर्दी से जुड़ी रील और वीडियो सामग्री पोस्ट की गई थी। मामला विभागीय अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद इसकी जांच कराई गई। जांच में सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर जारी दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की बात सामने आने पर डीसीपी ट्रांस हिंडन ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया।



डीसीपी धवल जायसवाल ने स्पष्ट कहा कि पुलिस विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सोशल मीडिया का उपयोग बेहद जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ करना चाहिए। वर्दी की गरिमा, विभाग की प्रतिष्ठा और आमजन के बीच पुलिस की छवि को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने या व्यक्तिगत प्रचार के लिए पुलिस की वर्दी और सरकारी पद का दुरुपयोग अनुचित है। विभाग की ओर से सोशल मीडिया को लेकर पहले से स्पष्ट गाइडलाइन जारी की गई हैं, जिनका पालन प्रत्येक पुलिसकर्मी के लिए अनिवार्य है। डीसीपी ने अन्य पुलिसकर्मियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई कर्मचारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनुशासनहीनता, अशोभनीय वीडियो, रील या विभागीय गरिमा के विपरीत सामग्री साझा करता पाया गया तो उसके खिलाफ भी सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि सोशल मीडिया के दौर में पुलिसकर्मियों की हर गतिविधि पर आमजन की नजर रहती है।

ऐसे में विभाग की छवि को सकारात्मक बनाए रखना सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।

# पांडेय जी के खास जब दिखे सुनील बंसल के साथ चर्चा हुई शुरू क्या हो गया दावेदारी का आगाज

**मुलाकात**

**जो राजनीति करते हैं वो जानते हैं कि मुलाकातों के सबब कभी भी व्यर्थ नहीं होते हैं**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में मुलाकातों के अर्थ होते हैं। जो राजनीति करते हैं वो जानते हैं कि मुलाकातों के सबब कभी भी व्यर्थ नहीं होते हैं। जब भी राजनीति में मुलाकातों का सिलसिला बढ़ेगा तो राजनीतिक हलचल तेज हो जाती है। राजनीति का ये नियम सभी दलों पर लागू होता है। राजनीति में नए लोग, नई विचारधारा, नए अवसर और नई संभावनाओं को जन्म देती है। भाजपा ने पिछले दस सालों में पार्टी में आने के लिये द्वार खोले हैं। भाजपा राजनीति के मजबूत चेहरों का दिल से वेलकम कर रही है। पार्टी अपनी विचारधारा से कोई समझौता नहीं कर रही।



पार्टी की विचारधारा के साथ जो भी भाजपा में आना चाहता है उनका स्वागत है। बड़ी बात ये है कि भाजपा नए चेहरों को संगठन से लेकर सरकार में वरीयता दे रही है। उसकी ये रणनीति सफल रही है। नए चेहरों ने एक नया जनाधार दिया है। राजनीति की इसी परिपाटी में पांडेय जी को सरकार में मंत्री पद दिया गया है। पांडेय जी फूड मिनिस्टर बने हैं। गाजियाबाद से उनका कनेक्शन है और यहां पंकज शर्मा उनके करीबी बताए जाते हैं। पंकज शर्मा उन्हें अपना राजनीतिक गुरु भी मानते हैं। पंकज शर्मा की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में है जो शिक्षित हैं, राजनीतिक मुद्दों को बेहतर समझते हैं। शानदार वक्ता है और शब्दों का चयन अच्छा है। राजनीतिक के तापमान को बखूबी जानते हैं। पॉलिटिकल गुरु को सरकार में मंत्रालय मिला है तो उसकी खुशी पंकज शर्मा ने सेलिब्रेट की है। पंकज शर्मा ने एक फोटो फेसबुक पर अपलोड की और ये फोटो आते ही चर्चा का बाजार गर्म हो गया। इस फोटो में पंकज शर्मा भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल के साथ हैं। सुनील बंसल उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री रहे हैं। उन्हें भाजपा का संगठन शिल्पी कहा जाता है। सुनील बंसल की कुनबा एक्सटेंशन पॉलिसी का भाजपा को लाभ मिला है। उन्होंने नए चेहरों के लिये भाजपा के द्वार खोले और उनका ये प्रयोग बेहद सफल रहा। भाजपा के वोट बैंक में इजाफा हुआ और नए चेहरों का माइलेज भाजपा को मिला। सुनील बंसल का साथ होना भाजपा में एक विशेष अर्थ रखता है। पंकज शर्मा भाजपा की ब्राह्मण राजनीति का भी एक ऐसा चेहरा हैं जो दबंग और सौम्य दोनों ही फील्ड में अपना स्थान रखते हैं। ये मुलाकात हुई और फोटो फेसबुक पर आया तो भाजपा में चर्चा शुरू हो गई।

सुनील बंसल का संगठन वाले फ्रेम में बड़ा कद है। पंकज शर्मा ने भी इस फोटो को फेसबुक पर अपलोड तो किया ही साथ में उन्होंने कई नामचीन चेहरों को टैग भी किया।

ये मुलाकात, ये बधाई और इसके मायने गंभीर है। एक नई दावेदारी का ये आगाज है। कहां भाजपा मौका देगी ये संगठन वाले जानते हैं, लेकिन तस्वीर बता रही है कि पंकज शर्मा ने अपनी पॉलिटिकल पकड़ कहां तक बना ली है। वो प्रबुद्ध वर्ग के नेता हैं, वैचारिक स्तर पर समृद्ध नेता हैं। ऐसे में ये मुलाकात दावेदारी के आगाज की तरफ संकेत कर रही है।

# क्यों बढ़ रहा है सांसद का दखल खोड़ा में थोड़ा-थोड़ा

## पप्पू पहलवान की अध्यक्षता में सांसद प्रतिनिधि ने कर ली बिजली वाली मीटिंग

**राजनीति**

**पहलवान का नगर पालिका वाला इंट्रोडक्शन दुरुस्त कराने के लिये लोग्कसभा वालों ने कदम आगे बढ़ा दिये हैं**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में हर कदम का एक अर्थ होता है। राजनीति में किसी क्षेत्र के फेरे ऐसे ही नहीं लगते और किसी नगर पालिका में डेरे ऐसे ही नहीं जमाए जाते। सियासत वाले इस बात को बखूबी समझ रहे हैं और अब ये माना जा रहा है कि पहलवान ने खोड़ा की तरफ मूव कर लिया है। पहलवान का नगर पालिका वाला इंट्रोडक्शन दुरुस्त कराने के लिये लोग्कसभा वालो ने कदम आगे बढ़ा दिये हैं।

किसी के यहां शोक हुआ है तो सांसद वहां पहुंचे हैं। अकेले सांसद ने शोक नहीं जताया, सांसद के साथ भाजपा के पूर्व महामंत्री पप्पू पहलवान भी पहुंचे हैं। पप्पू पहवान यहां कार्यक्रम भी आयोजित कर रहे हैं। पप्पू पहलवान की पत्नी ओमवती शालीमार गार्डन क्षेत्र से पार्षद हैं, लेकिन पप्पू पहलवान खुद झाड़ू उठाकार शालीमार गार्डन में नहीं बल्कि खोड़ा में सफाई अभियान चला रहे हैं। वो खोड़ा की गंदगी को लेकर परेशन हैं,





**पप्पू पहलवान की अध्यक्षता में बिजली विभाग के अधिकारी सुन रहे थे समस्या**

मामला खोड़ा की बिजली की समस्याओं का था। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अजय यादव पहुंचे, एसडीओ पहुंचे, जेई पहुंचे, गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले पहुंचे और पप्पू पहलवान की अध्यक्षता में बैठक हुई तो बैठक में खोड़ा की समस्याओं को बताया गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जल्द से जल्द खोड़ा वालों को बिजली की परेशानियों से निजात दिलाई जाएगी। अध्यक्षता का करंट दिखाई दिया और इस बैठक में अनुज मित्तल, संदीप पाल, चेतन शर्मा, कविता करगेती , नामित सभासद हेमंत जोशी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इतने परेशान हैं कि वो खुद झाड़ू लगाने लगे। समझ सबकी आ रहा है और अब एक बार फिर खोड़ा की सियासत में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का दखल दिखाई दिया।

बिजली वाली बैठक है और इस बैठक में सांसद खुद नहीं पहुंचे तो उन्होंने अपने प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले को भोजा। बिजली विभाग के अधिकारयों के साथ इस बैठक में पप्पू पहलवान खुद मौजूद हैं। बिजली की समस्याओं पर विचार हो रहा है। माना जा रहा है कि ये पूरी कवायद पप्पू पहलवान के लिये हो रही है। उनके लिये खोड़ा में पॉलिटिकल जमीन तैयार की जा रही है। जो सीन चल रहा है उससे ये लग रहा है कि अभी धीरे-धीरे बैठकों का ये दौर और बढ़ेगा। दावेदार हालांकि यहां और भी हैं, लेकिन पप्पू पहलवान के साथ लोकसभा सांसद का अर्थ सब समझ रहे हैं। पिक्चर धीरे-धीरे स्पष्ट हो रही है। खोड़ा के लोग हैं, खोड़ा की समस्या है और अध्यक्षता पप्पू पहलवान की है। राजनीति के ट्रांसफार्मर पर दावेदारी के इस फीडर को सियासत का करंट मिल रहा है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें भाजपा महामंत्री गौरव चौपड़ा का उस वक्त अच्छा लगा किरदार? जब उन्होंने दिल टूटे कार्यकर्ता की पोस्ट पर रखे अपने विचार? कार्यकर्ता ने लिखा था कि जब भी कोई कार्यकर्ता पोस्ट डालता है तो उसमें कोई भी बड़ा नेता नहीं देता है दीदार? आखिर कार्यकर्ता का भी तो है अपना मयार? इन शब्दों को पकड़कर महामंत्री ने लगा दिया ब्रेक? कहा हमारे यहां पर कोई भी नेता नहीं? सभी कार्यकर्ता हैं सभी हैं एक? ये सुनकर विकास ने लगा दिया अपने शब्दों पर विराम? मगर सच तो यही है कि कोई बड़ा नेता कहां किसी कार्यकर्ता की पोस्ट पर आता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे सपा जिलाध्यक्ष के पास और वो आगामी विधानसभा की सीटों को लेकर कर रहे थे थिंक? बैठे-बैठे यहां पर उन्होंने एक पूर्व विधायक की तमन्नाओं का भी दे दिया लिंक? बोले ये पूर्व विधायक कर रहे हैं हमसे बातचीत का प्रयास? ये बैकअप में लड़ना चाहते हैं हमारी पार्टी से चुनाव? जब हमने टटोलना चाहा अध्यक्ष से इन पूर्व वालों का नाम? उन्होंने कहा माना हमारी उम्र भले ही कम है? मगर हमने कोई इतनी कच्ची गोलियां नहीं खेली हैं श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप ये मत सोचो की सुधन भैया की नहीं है कोई चाहत? हमें पता चला है कि चुनाव की दावेदारी में वो नहीं ले रहे हैं कोई भी राहत? बस इस बार उन्होंने चेंज कर दिया है पूरा गेम? वो खामोशी से मांग रहे हैं अपना क्लेम? पूरी शिद्दत से वो कर रहे हैं चुनाव लड़ने का प्रयास? क्या पता हो जायें इस बार हसरतें पूरी? अधूरी ना रहे इस बार रूकी हुई आस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें अच्छा लगता है भगवा योद्धा के रहना साथ? जब भी कोई उनके खिलाफ लिखता है तो हमारा दिल ऐसे चेहरों को नहीं कर पाता है बर्दाश्त? मगर हमें ये भी नहीं अच्छा लगा कि उन्होंने कर दिया उस त्यागी चेहरे का एक झटके में इंसाफ? जिसने फेसबुक पर जबरदस्त विरोध का डंका फूंका हुआ था साहब? ऐसे तो हम जैसे समर्थकों का कमजोर होगा बल? उनको अपने विरोधियों का निकालना होगा कुछ और ही हल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने ये भी देखा कि इधर हमारे योद्धा ने बड़ा दिल दिखाया? वो एक दिन तो आया लेकिन दूसरे दिन प्रशिक्षण शिविर में नहीं आया? अगर वो दोनों दिन आकर कराता अपनी उपस्थिति दर्ज? हम मान लेते कि खत्म हो गया है यहां पर विरोध वाला मर्ज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व भगवा कमिश्नर त्यागी जी ने कर दिया है ऐलान? कह दिया है उन्होंने भविष्य में मेरा नहीं है कोई भी चुनाव लड़ने का प्लान? मैं ऐसे ही करूंगा अब पार्टी की सेवा? मुझे नहीं चाहिए अब किसी तरह का मेवा? कहने वाले ने कहा त्यागी जी का हमें पता है किरदार? वो जो भी कुछ तय कर लेते हैं उसे निभाते हैं यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं यहां पर टीम शुक्ला की आगामी प्लानिंग? सुना है टीम के सभी साथियों ने कर ली है अपने एरिया के हर वार्ड में चुनाव लड़ने की तैयारी? कहने वाले ने कहा अंदरखाने तय हो गये हैं सभी नाम? बस अब इंतजार 2027 का है? हर सूरत में अमल में लाया जायेगा चुनाव लड़ने का प्लान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भगवा गौतम जी ने डाली 2027 लिखकर साहिबाबाद की पोस्ट? तो उस पोस्ट को हैवीवेट समर्थकों ने अपने हिसाब से किया रोस्ट? मगर यहां पर हम हुए उस वक्त हैरान? जब गाजियाबाद लिखकर दिया महिम गुप्ता ने भगवा कमांडर को लेकर पैगाम? कहने वाले ने कहा हम समझ गये उनकी इस पोस्ट का इशारा? वो भले ही इधर गाजियाबाद लिख रहे हों? मगर उन्होंने वहां के एरिया में दखल देकर कर दिया नदिया पार की भावनाओं की ओर भी इशारा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भविष्य में त्यागी जी को मिले कोई भी किरदार? मगर हमें इतना कन्फर्म है कि आनी है हर हालत में बसंत की बहार? वेस्टर्न से लेकर प्रदेश तक उनका मजबूत रहना है पैगाम? पार्टी उनको जरूर देगी कोई मजबूत वाला काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रशिक्षण शिविर में जब ओबीसी चेहरे ने देखा था मंच? तब उन्होंने मारा था मौके पर ही तंज? बोले थे कि मंच पर नहीं दिख रहा सवर्ण चेहरों को छोड़कर किसी और बिरादरी का दीदार? चलो इस बार तो जो होना था सो हो गया? आगे से इस तरह के आयोजन करने वाले नहीं करेंगे इस तरह की अनदेखी को स्वीकार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

27 May -26 page 4 5/26/2026 10:41 PM Page 1



## संपादकीय

# तेल महंगाई से बढ़ी चिंता

अ सरकार ने संघर्ष शुरू होने के बाद तकरीबन ढाई महीने तक तेल के दामों को स्थिर रखने का प्रयास किया, लेकिन तेल कंपनियों पर बढ़ते आर्थिक दबाव की वजह से अब स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिख रही है। पश्चिम एशिया में संघर्ष समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं, जिस कारण ऊर्जा संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है। इसी का नतीजा है कि सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर से इजाफा कर दिया गया। पेट्रोल के दाम में 2.61 रुपये और डीजल में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। पिछले दो हफ्तों से भी कम समय में यह चौथी बार की गई वृद्धि है। खबरों के मुताबिक, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ उसके खुदरा दाम बढ़ा रही हैं। मगर सवाल सिर्फ कच्चे तेल के दामों में बढ़ोतरी का नहीं है, बल्कि इस बात का भी है कि सरकार इस संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक उपायों पर कितनी तेजी और गंभीरता से काम कर रही है। बार-बार ईंधन की कीमतें बढ़ने से स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में माल ढुलाई की लागत भी बढ़ेगी, जिससे जरूरी वस्तुएं महंगी होंगी। ऐसे में पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे आम लोगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। दरअसल, फरवरी के अंत से अब तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में पचास फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने से तेल आपूर्ति का बाधित होना है। सरकार ने संघर्ष शुरू होने के बाद तकरीबन ढाई महीने तक तेल के दामों को स्थिर रखने का प्रयास किया, लेकिन तेल कंपनियों पर बढ़ते आर्थिक दबाव की वजह से अब स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिख रही है। हालांकि सरकार यह दावा करती रही है कि वैश्विक संकट के बीच ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तैयार किए जा रहे हैं, लेकिन बीते करीब दो सप्ताह से पेट्राल-डीजल और सीएनजी के दाम में जिस तरह से लगातार बढ़ोतरी हुई है, उससे सरकार के प्रयास सफल होते नजर नहीं आ रहे हैं।

इसका सबसे ज्यादा असर समाज के उस वर्ग पर पड़ेगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर है और अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए दिन भर संघर्ष करता है। इससे पहले कि स्थिति और ज्यादा बिगड़े, सरकार को ऊर्जा संकट पर काबू पाने के वैकल्पिक रास्ते तैयार करने होंगे और महंगाई से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। बार-बार ईंधन की कीमतें बढ़ने से स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में माल ढुलाई की लागत भी बढ़ेगी, जिससे जरूरी वस्तुएं महंगी होंगी। ऐसे में पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे आम लोगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। दरअसल, फरवरी के अंत से अब तक वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में पचास फीसद से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने से तेल आपूर्ति का बाधित होना है।

# पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी में भारी गिरावट

## ईरान पर अमेरिकी हमलों की खबर से सेंसेक्स 479 अंक लुढ़का, निफ्टी भी 23,950 के नीचे फिसला



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के फिर से गहराने का सीधा असर मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार पर देखने को मिला। दक्षिणी ईरान में अमेरिका की ओर से किए गए हमलों की खबर ने निवेशकों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इससे सोमवार की सकारात्मक धारणा बदल गई और बाजार में बिकवाली का भारी दबाव हावी हो गया।

**सेंसेक्स:** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 479.26 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 76,009.70 के स्तर पर बंद हुआ।

**निफ्टी:** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स 23,950 का अहम स्तर भी नहीं बचा सका और 118.00 अंक (0.49 प्रतिशत) का नुकसान दर्ज करते हुए 23,913.70 के स्तर पर खिसक गया। गिरावट के मुख्य कारण और सेक्टोरल इम्पैक्ट बाजार में इस रिवर्सल का मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेशकों के सेंटीमेंट में अचानक आया नकारात्मक बदलाव था।

**दबाव वाले सेक्टर्स:** शेयर बाजार को नीचे खींचने में मुख्य रूप से बैंकिंग, तेल और गैस तथा फार्मा सेक्टर के शेयरों का हाथ रहा, जिनमें सबसे ज्यादा बिकवाली दर्ज की गई।

**टॉप लूजर्स:** प्रमुख स्टॉक्स की बात करें तो, टेक महिंद्रा और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा और दोनों ही स्टॉक्स लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

### वैश्विक तनाव का साया

सोमवार को बाजार में जो रिकवरी दिख रही थी, वह अमेरिका द्वारा दक्षिणी ईरान में किए गए हमलों की खबरों के बाद पूरी तरह उलट गई। इस घटनाक्रम ने निवेशकों के बीच यह डर पैदा कर दिया है कि मध्य पूर्व में संघर्ष लंबा खिंच सकता है। विशेष रूप से तेल और गैस सेक्टर के स्टॉक्स में गिरावट इसी भू-राजनीतिक अनिश्चितता का सीधा परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते इस सैन्य तनाव के कारण भारतीय इक्विटी बाजार ने अपनी लय खो दी है। पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात ने निवेशकों को बेहद सतर्क कर दिया है, इसका सीधा असर बाजार के अहम इंडेक्स और बड़े सेक्टर्स पर साफ तौर पर देखा जा सकता है।

# खादी और ग्रामोद्योग की ऐतिहासिक छलांग: FY26 में बिक्री 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार



**नई दिल्ली।** स्वदेशी उत्पादों की बढ़ती मांग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के बीच खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने नया इतिहास रचा है। वित्त वर्ष 2025-26 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री अपने अब तक के रिकॉर्ड स्तर को छूते हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। यह रिकॉर्ड आंकड़ा इस बात का स्पष्ट संकेत है कि खादी अब एक पारंपरिक परिधान से आगे बढ़कर भारत के रिटेल और एफएमसीजी बाजार में एक मजबूत आर्थिक ताकत बन चुका है। खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों की बिक्री वर्ष 2025-26 में 1,87, 105 करोड़ रुपये के अपने ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई।

खादी और ग्राम उद्योग आयोग (केवीआईसी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पिछले वित्तीय वर्ष (2024-25) में इन उत्पादों की बिक्री 1,70,551.37 करोड़ रुपये थी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2013-14 की बिक्री 31,154 करोड़ रुपये की तुलना में कई गुना वृद्धि दर्ज की गई थी। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में केवीआईसी के उत्पादों की बिक्री 2.51 लाख करोड़ रुपये रह सकती है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में खादी और ग्राम उद्योग के वस्तुओं का उत्पादन 26,109 करोड़ रुपये था, जो लगभग पांच गुना बढ़कर 2025-26 में 1,25,296 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसमें 380 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### आगे का आउटलुक

केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इस वृद्धि पर भरोसा जताया है।

# खावड़ा में शुरू हुआ चीन के बाहर दुनिया का सबसे बड़ा बैटरी स्टोरेज सिस्टम

**नई दिल्ली।** भारत के रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा) सेक्टर ने एक ऐतिहासिक मील का पत्थर पार किया है। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने गुजरात के खावड़ा में 3.37 गीगावाट प्रति घंटे क्षमता वाला बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। कंपनी के अनुसार, एक ही स्थान पर स्थापित यह दुनिया का सबसे बड़ा (चीन के बाहर) बैटरी स्टोरेज प्रोजेक्ट है, और वैश्विक स्तर पर इसे सबसे तेज गति से निष्पादित किया गया है।

सौर और पवन ऊर्जा उत्पादन की सबसे बड़ी सीमा यह है कि ये प्राकृतिक परिस्थितियों- जैसे सूरज की रोशनी और हवा- पर निर्भर होते हैं। ऊर्जा क्षेत्र के सामने असली चुनौती यह होती है कि क्या इस उत्पादित ऊर्जा को स्टोर करके उस समय सप्लाई किया जा सकता है, जब मांग अपने चरम पर हो?

यहीं पर बैटरी स्टोरेज तकनीक एक गेम चेंजर के रूप में सामने आती है। खावड़ा में स्थापित यह अत्याधुनिक बैटरी सिस्टम अतिरिक्त रिन्यूएबल पावर को स्टोर करने में सक्षम है, जिसे बाद में आवश्यकतानुसार जारी किया जा सकता है। इससे न केवल पावर ग्रिड को स्थिरता मिलती है, बल्कि ग्रीन पावर की निर्भरता और विश्वसनीयता भी काफी बढ़ जाती है।

**स्टोरेज क्षमता:** खावड़ा परियोजना में कुल 3.37 का संचयी बैटरी स्टोरेज स्थापित किया गया है।

**विशाल रिन्यूएबल पार्क:** खावड़ा में 30 क्षमता वाले रिन्यूएबल पार्क की योजना पर काम चल रहा है।

**कुल ऑपरेशनल क्षमता:** इस नई शुरूआत के साथ, पूरे भारत में एजीईएल की कुल चालू रिन्यूएबल क्षमता बढ़कर 19,785.8 मेगावाट हो गई है।

### आगे का आउटलुक

अदाणी ग्रीन ने भविष्य के ऊर्जा लक्ष्यों को लेकर अपनी रणनीति साफ कर दी है। कंपनी ने ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में आक्रामक विस्तार योजनाएं



बनाई हैं। अगले साल तक बैटरी क्षमता में 10 की अतिरिक्त वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही, कंपनी ने अगले पांच वर्षों में 50 ऋहँ का एक बड़ा महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

खावड़ा में शुरू हुआ यह बैटरी स्टोरेज सिस्टम न केवल अदाणी ग्रीन के पोर्टफोलियो को मजबूत करता है, बल्कि भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन (क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन) में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ग्रिड की स्थिरता और पीक डिमांड के प्रबंधन के लिए इस तरह का तकनीकी ढांचा भारतीय ऊर्जा बाजार के भविष्य की दिशा तय करने वाला है।

# ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद एशियाई बाजारों और तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिकी हमलों के बाद एशियाई शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। तेल की कीमतें भी प्रभावित हुईं, जबकि ट्रंप ने शांति वार्ता को लेकर आशा व्यक्त की। अमेरिकी सेना की ओर से दक्षिणी ईरान में किए गए हमलों के बाद मंगलवार को एशियाई शेयर बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। इन हमलों में मिसाइल लॉन्च स्थल और खदानें बिछाने वाली नावें शामिल थीं। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि युद्ध समाप्त करने की बातचीत सही दिशा में चल रही है। अमेरिकी सेना ने सोमवार को हुए इन हमलों को ईरानी सेना से अपने सैनिकों की रक्षा के लिए बताया। उन्होंने ईरान के साथ संघर्ष विराम के कारण संयम बरतने की बात कही, जिस पर ईरान ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी। ईरान के साथ शांति वार्ता की स्थिति स्पष्ट न होने से बाजार विभिन्न घटनाक्रमों से प्रभावित हुए हैं। एसपीआई एसेट मैनेजमेंट के स्टीफन इनेस ने कहा कि बाजार ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे ईरान के साथ समझौता हो चुका है। जबकि कठिन मुद्दे अब भी अनसुलझे हैं। वाशिंगटन आशावादी संकेत दे रहा है, जबकि तेहरान किसी समझौते को मानने को तैयार नहीं है। टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक 0.4 फीसदी गिरकर 64,897.64 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0.3 फीसदी बढ़कर 25,668.55 पर पहुंच गया।



### तेल बाजार पर प्रभाव

कच्चा तेल 5.01 डॉलर या 4 फीसदी से अधिक गिरकर 91.59 डॉलर प्रति बैरल हो गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.57 डॉलर बढ़कर 94.99 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को यह लगभग पांच डॉलर गिरा था। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना तेल की कीमतों की दिशा तय करेगा। युद्ध के कारण इसके बंद होने से तेल टैंकर फारस की खाड़ी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

### वैश्विक बाजारों का रुख

सोमवार को मेमोरियल डे अवकाश के कारण अमेरिकी बाजार बंद थे, जबकि यूरोपीय शेयर बाजारों में बढ़त दर्ज की गई। फ्रांस का सीएसी 40 सूचकांक 1.1 फीसदी बढ़ा और जर्मनी का डीएएक्स सूचकांक 1.0 फीसदी चढ़ा। ब्रिटेन का एफटीएसई 100 सूचकांक 0.2 फीसदी मजबूत हुआ। क्षेत्रीय अधिकारियों ने रविवार को कहा था कि अमेरिका ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते के करीब है। इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और ईरान की ओर से अत्यधिक समृद्ध यूरेनियम का भंडार छोड़ना शामिल है।

# संसदीय समिति ने पूछे सवाल, अधिकारी बोले-78 दिन के लिए कच्चे तेल का भंडार

**नई दिल्ली।** संसदीय समिति की बैठक में पेट्रोल-डीजल की कथित कमी और लंबी कतारों को लेकर सरकार से सवाल किए गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने भरोसा दिलाया कि देश में 78 दिनों का पर्याप्त कच्चा तेल भंडार है। वहीं, होर्मुज जलडमरूमध्य संकट के कारण 37 भारतीय जहाज फंसे होने की जानकारी भी दी गई।



संसद की एक समिति ने सोमवार को देश के कुछ हिस्सों में पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल व डीजल के लिए लंबी कतारों और राशनिंग को लेकर पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों से सवाल-जवाब किए। इस पर अधिकारियों ने बताया कि देश में पेट्रोल एवं डीजल की कमी नहीं है और अगले 78 दिनों के लिए कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। अधिकारियों ने जनता दल (यू) के सांसद संजय झा की अध्यक्षता वाली परिवहन, पर्यटन और संस्कृति संबंधी स्थायी संसदीय समिति को यह भी बताया कि युद्ध की समाप्ति पर अनिश्चितता के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के कारण पश्चिम एशिया में 37 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं। सूत्रों ने बताया कि जब कई सदस्यों ने मंत्रालय के अधिकारियों से पेट्रोल और एलपीजी की कमी पर सवाल उठाया, तो कुछ विपक्षी सदस्यों ने कहा कि पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों ने उन्हें कोई आधिकारिक डाटा नहीं दिया है।

### उर्वरक की कमी न होने का भी दिलाया भरोसा

समिति के समक्ष उपस्थित उर्वरक मंत्रालय के अधिकारियों ने समिति के सदस्यों को यह भी सूचित किया है कि खरीफ की बुआई से पहले देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। जब कुछ विपक्षी सदस्यों ने उर्वरकों की उच्च वैश्विक कीमतों का मुद्दा उठाया, तो अधिकारियों ने समिति को सूचित किया कि सरकार ने वैकल्पिक तरीकों से 80 लाख टन उर्वरक खरीदे हैं। फिलहाल 78 लाख टन उर्वरक की मांग है, जिसे पूरा किया जा रहा है। समिति ने पोत परिवहन, पेट्रोलियम और उर्वरक मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी। पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव विजय कुमार ने मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों पर समिति के सदस्यों के सामने एक प्रस्तुति दी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु :खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

पत्नी : अगर मैं अचानक मर गई तो तुम क्या करोगे?
पति : वही जो तुम्हारे मरने पर सारे लोग करेंगे थोड़ा रोऊंगा, फिर खाना खाऊंगा।

---

टीचर : होमवर्क क्यों नहीं किया?
पप्पू : सर, जिस आदमी ने होमवर्क दिया था, वही कल नहीं आया था।

---

डॉक्टर : तुम्हें आराम की जरूरत है।
मरीज : लेकिन मेरी पत्नी तो कहती है मैं कुछ काम ही नहीं करता!

---

पत्नी : मेरी कौन सी आदत तुम्हें सबसे अच्छी लगती है?
पति : चुप रहने वाली।
पत्नी : लेकिन मैं तो कभी चुप नहीं रहती!
पति : वही तो सबसे अच्छी बात है।

---

दोस्त : भाई, तू इतना उदास क्यों है?
लड़का : यार, गर्लफ्रेंड बोलती है मैं उसे टाइम नहीं देता।
दोस्त : तो दे दे ना!
लड़का : वही तो नहीं है मेरे पास।

---

मास्टर जी : इतनी देर से स्कूल क्यों आए?
छात्र : सर, बोर्ड पर लिखा था — धीरे चलें, आगे स्कूल है।

---

पति मोबाइल छुपाकर बैठा था।
पत्नी : इतना क्यों डर रहे हो?
पति : डर नहीं रहा बस इतिहास गवाह है, जांच कभी भी हो सकती है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

27 05 2026 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित

## कौन है सफेद गेंद प्रारूप में टीम का नया कप्तान?

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने वेस्टइंडीज दौरे के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया है। इस दौरे पर टीम की कमान व्हाइट-बॉल क्रिकेट में दासुन शनाका संभालते नहीं दिखेंगे। उनकी जगह नया कप्तान चुना गया है। चयनकर्ताओं ने अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं का संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है।

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस को व्हाइट-बॉल कप्तान नियुक्त किया है। तीन से सात जुलाई तक दोनों टीमें तीन वनडे, तीन टी20 और दो टेस्ट मैच खेलेंगी। इस बीच चार-दिवसीय वॉर्मअप मुकाबला भी खेला जाना है। 31 वर्षीय कुसाल मेंडिस वनडे और टी20 दोनों सीरीज में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे, जबकि धनंजय डी सिल्वा दो मुकाबलों की टेस्ट सीरीज के लिए टेस्ट टीम के कप्तान बने रहेंगे।

**शनाका को अच्छी कप्तानी के बावजूद हटायाः** श्रीलंका क्रिकेट ने सोशल मीडिया पर टीमों की घोषणा करते हुए कहा, 'श्रीलंका क्रिकेट की चयन समिति ने श्रीलंका के वेस्टइंडीज दौरे 2026 के लिए इन टीमों का चयन किया है। इस दौरे में तीनों फॉर्मेट-वनडे, टी20 और टेस्ट क्रिकेट के मैच खेले जाएंगे।' लीडरशिप में यह बदलाव इस साल की शुरूआत में श्रीलंका के निराशाजनक टी20 विश्व कप अभियान के बाद हुआ है। शनाका की कप्तानी में टीम नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई थी। शनाका 16-सदस्यीय टी20 टीम में बने हुए हैं, जबकि असलंका को वनडे टीम में शामिल किए जाने के बावजूद टी20 टीम से बाहर कर दिया गया है।



**हसरंगा की टीम में हुई वापसीः** स्टार ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा की वापसी हुई है। टी20 वर्ल्ड कप के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के बाद उन्हें वनडे और टी20 दोनों टीमों में शामिल किया गया है। इस चोट की वजह से वह फरवरी की शुरूआत से ही टीम से बाहर थे और लखनऊ सुपर जाएंट्स के साथ आईपीएल सीजन भी नहीं खेल पाए थे। कामिंदु मेंडिस दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगे।

**श्रीलंका की टेस्ट टीमः** धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कामिंदु मेंडिस, पथुम निसांका, लाहिरू उदारा, निशान मदुष्का, दिनेश चांदीमल, परसिंदु सोरियाबंदरा, सोनल दिनुशा, कुसल मेंडिस, मिलन रथनायके, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, इसिथा विजेसुंदरा और कासुन राजिथा।

**श्रीलंका की वनडे टीमः** कुसल मेंडिस (कप्तान), कामिंदु मेंडिस (उप-कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, पवन रत्नायके, जेनिथ लियानगे, चरिथ असलंका, मिलान रत्नायके, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेलालेज, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, असिथा फर्नांडो और प्रमोद मदुशन।

**श्रीलंका की टी20 टीमः** कुसल मेंडिस (कप्तान), कामिन्दु मेंडिस (उप-कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, पवन रत्नायके, लसिथ क्रॉस्पुल, दासुन शनाका, मिलान रत्नायके, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, ईशान मलिंगा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा।

# गुरिंदरवीर की सफलता पर श्रेय लेने की राजनीति

## विजेंदर ने पंजाब सरकार को घेरा, बोले- संघर्ष के समय समर्थन करें

**मियामी।** ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने स्प्रिंटर गुरिंदरवीर सिंह की ऐतिहासिक सफलता के बाद पंजाब सरकार पर निशाना साधा है। विजेंदर का कहना है कि खिलाड़ियों को संघर्ष के समय सही सुविधाएं और समर्थन नहीं मिलता, लेकिन जैसे ही वे रिकॉर्ड बना देते हैं, सरकारें श्रेय लेने के लिए आगे आ जाती हैं। गुरिंदरवीर ने हाल ही में पुरुष 100 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी उन्हें बधाई दी थी।

ओलंपिक पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने पंजाब सरकार पर खिलाड़ियों की उपलब्धियों का श्रेय लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह टिप्पणी स्प्रिंटर गुरिंदरवीर सिंह की रिकॉर्डतोड़ सफलता के बाद की, जिन्होंने हाल ही में पुरुष 100 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। विजेंदर सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि सरकारें खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न तो मनाती हैं, लेकिन उनके संघर्ष के दौरान जरूरी सुविधाएं और समर्थन उपलब्ध नहीं करातीं।



### गुरिंदरवीर ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

25 वर्षीय गुरिंदरवीर सिंह ने शनिवार को रांची में आयोजित नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता 2026 में इतिहास रच दिया। पंजाब के इस धावक ने रिलायंस का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुष 100 मीटर दौड़ में 10.09 सेकंड का समय निकाला और राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने पहले सेमीफाइनल में 10.17 सेकंड का समय निकालकर अनीमेष कुजूर के 10.18 सेकंड के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा था। इसके बाद फाइनल में और बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10.09 सेकंड का समय दर्ज किया। गुरिंदरवीर 100 मीटर दौड़ में 10.10 सेकंड से कम समय निकालने वाले पहले भारतीय एथलीट भी बन गए हैं।


### गुरिंदरवीर ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

25 वर्षीय गुरिंदरवीर सिंह ने शनिवार को रांची में आयोजित नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता 2026 में इतिहास रच दिया। पंजाब के इस धावक ने रिलायंस का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुष 100 मीटर दौड़ में 10.09 सेकंड का समय निकाला और राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने पहले सेमीफाइनल में 10.17 सेकंड का समय निकालकर अनीमेष कुजूर के 10.18 सेकंड के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा था। इसके बाद फाइनल में और बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10.09 सेकंड का समय दर्ज किया। गुरिंदरवीर 100 मीटर दौड़ में 10.10 सेकंड से कम समय निकालने वाले पहले भारतीय एथलीट भी बन गए हैं।


# पहले-दूसरे या तीसरे नंबर, किस पोजिशन वाली टीम सबसे ज्यादा बनी विजेता



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के प्लेऑफ शुरू होने से पहले इतिहास और आंकड़ों ने खिताबी जंग को और दिलचस्प बना दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु लीग चरण में टॉप पर जरूर रही, लेकिन पिछले आंकड़े बताते हैं कि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम सबसे ज्यादा बार चैंपियन बनी है। यही वजह है कि गुजरात टाइटंस को इस बार मजबूत दावेदार माना जा रहा है। दूसरी ओर, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें एलिमिनेटर के मुश्किल रास्ते से गुजरने वाली हैं, जहां इतिहास बहुत कम टीमों का साथ देता है। ऐसे में सवाल यही है कि क्या आरसीबी लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतेगी या फिर आंकड़े गुजरात के पक्ष में जाएंगे?

आईपीएल 2026 अब अपने सबसे रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। लीग चरण खत्म हो चुका है और प्लेऑफ की तस्वीर लगभग साफ है। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि गुजरात टाइटंस की टीम दूसरे स्थान पर रही। सनराइजर्स हैदराबाद तीसरे और राजस्थान रॉयल्स चौथे स्थान पर रही। वैसे तो आरसीबी का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है, लेकिन गुजरात ने सही समय पर फॉर्म हासिल किया है। सनराइजर्स टीम भी अच्छी दिखी है, जबकि राजस्थान का सफर उतार चढ़ाव से भरा रहा।

हम आपको बताएंगे कि आईपीएल के इतिहास में लीग राउंड के बाद अंक तालिका के आधार पर कौन सी टीम सबसे ज्यादा बार चैंपियन बनी है। यानी पहले, दूसरे, तीसरे या फिर चौथे स्थान पर रही टीमों में से खिताब सबसे ज्यादा बार जीतने का रिकॉर्ड किस पोजिशन वाली टीम के पास है। आईपीएल इतिहास और आंकड़े पर नजर डालें तो यह एक अलग ही कहानी बयान करती है। यही वजह है कि गुजरात टाइटंस को इस सीजन खिताब का बड़ा दावेदार माना जा रहा है।

**आरसीबी ने लीग चरण में दिखाई दमदार निरंतरताः** आरसीबी, गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद तीनों ने लीग चरण 18 अंकों के साथ समाप्त किया, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर आरसीबी शीर्ष पर रही। आरसीबी ने पूरे सीजन में संतुलित प्रदर्शन किया। टीम की बल्लेबाजी में विराट कोहली, रजत पाटीदार, जितेश शर्मा, क्रुणाल पांड्या और टिम डेविड ने अहम भूमिका निभाई। वहीं गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड ने पावरप्ले में विपक्षी टीमों को लगातार झटके दिए।

### 2011 में बदला था आईपीएल का फॉर्मेट

आईपीएल के शुरूआती तीन सीजन तक नॉकआउट फॉर्मेट लागू था। उस समय शीर्ष चार टीमें सीधे सेमीफाइनल खेलती थीं और एक हार के साथ टीम टूनार्मेंट से बाहर हो जाती थी। हालांकि, 2011 से बीसीसीआई ने नया प्लेऑफ सिस्टम लागू किया। इस नए फॉर्मेट में शीर्ष दो टीमों को फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलते हैं। क्वालिफायर-1 की विजेता सीधे फाइनल में जाती है, जबकि हारने वाली टीम क्वालिफायर-2 खेलती है। दूसरी ओर तीसरे और चौथे स्थान की टीमों के लिए मुकाबला करो या मरो वाला होता है।


### दूसरे स्थान वाली टीम सबसे ज्यादा बार बनी चैंपियन

आईपीएल इतिहास का सबसे दिलचस्प आंकड़ा यही है कि 2011 से अब तक दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम सबसे ज्यादा बार चैंपियन बनी है। यही वजह है कि गुजरात टाइटंस की टीम को एक मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी। संयोग उनके पक्ष में है।

### गुजरात को क्यों माना जा रहा मजबूत दावेदार?

अगर गुजरात टाइटंस क्वालिफायर-1 में आरसीबी को हराती है, तो टीम को फाइनल में अहमदाबाद की घरेलू परिस्थितियों का बड़ा फायदा मिल सकता है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम इस सीजन गुजरात का मजबूत किला साबित हुआ है। टीम ने यहां खेले सात में से पांच मुकाबले जीते। मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा और प्रसिद्ध कृष्णा की तेज गेंदबाजी ने टीम को मजबूती दी है, जबकि राशिद खान और जेसन होल्डर ने मध्य ओवरों में दबाव बनाए रखा है।

# आखिर अर्शदीप ने इंस्टाग्राम से हटाए 200 पोस्ट



**चंडीगढ़।** आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद अर्शदीप सिंह के एक फैसले ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज ने अचानक इंस्टाग्राम से 200 से ज्यादा पोस्ट हटा दिए, जिसमें विराट कोहली के साथ उनकी बेहद वायरल रील भी शामिल थी। फैंस इस कदम के पीछे की वजह जानने को उत्सुक हैं, लेकिन खिलाड़ी की ओर से अब तक कोई बयान सामने नहीं आया है। हाल के दिनों में कई विवादों और आलोचनाओं के बीच अर्शदीप का यह कदम अब चर्चा का बड़ा विषय बन गया है।

भारतीय टीम और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इन दिनों अपने प्रदर्शन से ज्यादा सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर चर्चा में हैं। आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स का अभियान खत्म होते ही अर्शदीप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से 200 से ज्यादा पोस्ट डिलीट कर दिए, जिसके बाद फैंस के बीच कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। सबसे ज्यादा हैरानी इस बात को लेकर हुई कि उन्होंने विराट कोहली के साथ अपनी वायरल रील भी हटा दी, जिसे करोड़ों बार देखा गया था।

### पंजाब किंग्स से जुड़े पोस्ट अब भी मौजूद

दिलचस्प बात यह है कि अर्शदीप ने पंजाब किंग्स से जुड़े पोस्ट नहीं हटाए हैं। उनके इंस्टाग्राम बायो में अब भी पीबीकेएस का नाम मौजूद है। अकाउंट पर बची पोस्ट्स में परिवार के साथ बिताए पल और क्रिकेट मैदान की उपलब्धियां दिखाई देती हैं। आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी। अर्शदीप ने 14 मैचों में 14 विकेट लिए, लेकिन उनका इकोनॉमी रेट 10.21 रहा। रिपोर्ट में उन्हें टीम की असफलता की एक वजह भी बताया गया।

### विवादों में भी रहे अर्शदीप

हाल के समय में अर्शदीप कई विवादों को लेकर भी सुर्खियों में रहे। एक वीडियो में युजवेंद्र चहल फ्लाइट में वेपिंग करते नजर आए थे, जिसके बाद रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि बीसीसीआई ने अर्शदीप को आईपीएल सीजन के दौरान व्लॉगिंग बंद करने को कहा था। इसके अलावा मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा को लेकर उनकी टिप्पणी पर भी विवाद हुआ था। अर्शदीप ने कहा था, 'ओए अंधेरे, सनस्क्रीन लगाया?' सोशल मीडिया पर कई लोगों ने इसे सीमा पार करने वाला बयान बताया। पूर्व भारतीय क्रिकेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने भी अर्शदीप की आलोचना की थी।

### विराट कोहली वाली वायरल रील भी हटाई

अर्शदीप ने जिन पोस्ट्स को हटाया, उनमें 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान विराट कोहली के साथ बनाई गई उनकी चर्चित रील भी शामिल थी। इस वीडियो को करीब 150 मिलियन व्यूज मिले थे और यह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हुआ था। ऐसे में उसका अचानक गायब होना फैंस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। हालांकि, अर्शदीप ने अभी तक इस पूरे मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यही वजह है कि उनके प्रशंसकों के बीच उत्सुकता और बढ़ गई है। फिलहाल उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिर्फ करीब 44 पोस्ट ही बाकी हैं।


# गुकेश-प्रज्ञानंद की नॉर्वे शतरंज में अच्छी शुरूआत

## टाईब्रेक में जीते, शीर्ष खिलाड़ी कार्लसन हारे

**ओस्लो।** विश्व चैंपियन डी गुकेश और भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में शानदार शुरूआत की। इन दोनों ने टाईब्रेक में अपने-अपने मुकाबले जीते। हालांकि, विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में अच्छी शुरूआत करते हुए विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक कड़े और तनावपूर्ण मैराथन मुकाबले के बाद जीत हासिल की। वहीं, आर प्रज्ञानंद ने वेस्ली सो को हराया। लेकिन विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा।

**गुकेश ने 144 चाल में दर्ज की जीतः** गुकेश ने लगभग पांच घंटे तक चले 144 चाल के मुकाबले के बाद आमार्गेडन (मुख्य बाजी ड्रॉ रहने के बाद टाईब्रेक मुकाबला) में जीत के बदौलत 1.5 अंक हासिल किए, जबकि कीमर को क्लासिकल मुकाबला बराबर रहने के कारण एक अंक से ही संतोष करना पड़ा। इस मैराथन मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी अंतिम चरणों में स्पष्ट रूप से घबराया हुआ दिखा, जबकि जर्मन खिलाड़ी ने पूरे क्लासिकल मुकाबले में संयम बनाए रखा। टाईब्रेक में हालांकि गुकेश ने जीत हासिल करने में देर नहीं लगाई।



प्रज्ञानंद और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला भी ड्रॉ रहा, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने आमार्गेडन टाईब्रेक में शानदार जीत हासिल की। दिन में हालांकि चर्चा का विषय मौजूदा चैंपियन कार्लसन की क्लासिकल शतरंज में अलीरेजा फिरोजा के हाथों हार थी। इस जीत से फिरोजा ने तीन अंक हासिल किए। कार्लसन ने मैच के अधिकांश हिस्से में नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन समय की कमी के कारण उनसे एक बड़ी चूक हो गई जिससे फिरोजा को बढ़त मिल गई।

# एशियन गेम्स की पदक विजेता एथलीट ने भारतीय खेल व्यवस्था पर उठाए सवाल!

## बोलीं- सभी को समान सम्मान नहीं मिलता

**मियामी।** एशियन गेम्स पदक विजेता धाविका हरमिलन बैंस ने भारतीय खेलों में तेजी से हो रहे सुधार की सराहना की, लेकिन साथ ही खिलाड़ियों को मिलने वाले अवसरों और सम्मान में असमानता पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज सुविधाएं और प्लेटफॉर्म पहले से बेहतर हुए हैं, मगर हर खिलाड़ी को समान अवसर और पहचान नहीं मिलती।



एशियन गेम्स में भारत के लिए पदक जीत चुकीं मध्यम दूरी की धाविका हरमिलन बैंस का मानना है कि भारतीय खेलों में तेजी से सुधार हो रहा है, लेकिन खिलाड़ियों को मिलने वाले मौके और सम्मान अब भी समान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश में खेलों के लिए बेहतर माहौल और सुविधाएं जरूर बनी हैं, लेकिन हर खिलाड़ी को एक जैसा समर्थन नहीं मिल पाता।

**'अच्छा प्रदर्शन करने वालों को भी समान नौकरी नहीं मिलती':** हरमिलन ने खिलाड़ियों के करियर और सरकारी नौकरियों को लेकर अपनी राय खुलकर रखी। उन्होंने कहा, 'कुछ खिलाड़ियों को सफलता मिल जाती है, जबकि कुछ अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उसी स्तर की नौकरी हासिल नहीं कर पाते। अगर आज के पदक विजेताओं की तुलना पुराने दौर के खिलाड़ियों से करें, तो अब हालात सबके लिए एक जैसे नहीं रहे।' उन्होंने बताया कि पहले बड़े टूनार्मेंट में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधे ऊंचे सरकारी पदों पर नियुक्ति मिल जाती थी। हरमिलन ने कहा, 'पहले खिलाड़ियों को डीएसपी जैसे पद सीधे मिल जाते थे। आज भी ऐसे अवसर हैं, लेकिन पहले की तुलना में काफी कम हो गए हैं।'

**जन्म से पहले ही शुरू हो गया था खेलों से रिश्ताः** 27 वर्षीय हरमिलन बैंस ने अपने खेल सफर को याद करते हुए कहा कि उनका रिश्ता खेलों से जन्म से पहले ही जुड़ गया था। उन्होंने कहा, 'मेरी खेल यात्रा तो मेरे जन्म से पहले ही शुरू हो गई थी। जब मेरी मां गर्भवती थीं, तब उन्होंने फर्टिलाइजर बोर्ड और बिजली बोर्ड के लिए ट्रायल दिए थे। एक तरह से वहीं से मेरी शुरूआत हुई।' हरमिलन ने बताया कि उनके माता-पिता ने बचपन से ही उन्हें खेलों के लिए प्रेरित किया और पिछले करीब 22 से 24 वर्षों से खेल उनके जीवन का हिस्सा हैं।

**फिटनेस, रिकवरी और पोषण पर दिया जोरः** भारतीय धाविका ने आधुनिक खेलों में रिकवरी और सही खानपान को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा, 'ट्रेनिंग के बाद रिकवरी सबसे जरूरी हिस्सों में से एक है, क्योंकि उसी पर अगला प्रदर्शन निर्भर करता है। इसलिए शरीर को सही पोषण, प्रोटीन और जरूरी तत्व देने वाला भोजन बेहद जरूरी है।' उन्होंने आगामी सीजन को लेकर भी अपनी योजना साझा की और कहा कि फिलहाल उनका लक्ष्य फिट रहना और सभी निर्धारित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना है।

# भारत में पहले विश्व योगासन चैंपियनशिप का अनावरण

**नई दिल्ली।** लॉन्च के अवसर पर मांडविया ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया को योग का उपहार दिया है और अब देश योगासन को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।' भारतीय खेल और वैश्विक वेलनेस के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, विश्व योगासन चैंपियनशिप 2026 के पहले संस्करण का मंगलवार को नई दिल्ली में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने महासंघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आधिकारिक अनावरण किया। विश्व योगासन चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन चार से आठ जून 2026 तक अहमदाबाद के एका एरिना में किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में युगांडा, जाम्बिया, श्रीलंका, नेपाल, केन्या, जापान, ओमान, मॉरीशस और नीदरलैंड्स सहित 60 से अधिक देशों के योगासन खिलाड़ी और प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे।

# पूर्व क्रिकेटर ने चुने इस सीजन के सर्वश्रेष्ठ-12 खिलाड़ी

## विराट कोहली को बाहर कर इस युवा को दी तरजीह

**मुंबई।** आईपीएल 2026 के लीग चरण के खत्म होते ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर बद्रीनाथ ने अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-12 चुनकर सभी को चौंका दिया। इस टीम में कई बड़े नाम गायब हैं, जबकि कुछ युवा खिलाड़ियों को दिग्गजों पर तरजीह मिली है। सबसे ज्यादा चर्चा एक ऐसे फैसले की हो रही है, जिसने विराट कोहली और केएल राहुल जैसे स्टार खिलाड़ियों को भी बाहर कर दिया।

टीम इंडिया और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुब्रमणयन बद्रीनाथ ने लीग राउंड के बाद इस सीजन के सर्वश्रेष्ठ-12 खिलाड़ी चुने हैं। यानी उन्होंने इम्पैक्ट-सब के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 चुनी है। हालांकि, इस लिस्ट में उन्होंने कई चौंकाने वाले फैसले लिए हैं। बद्रीनाथ ने अपनी टीम से दो दिग्गजों, विराट कोहली और केएल राहुल को बाहर कर दिया है, जबकि इन दोनों ने लीग राउंड में 550+ रन बनाए हैं। साथ ही दुनिया के नंबर-एक टी20 बैटर अभिषेक शर्मा को भी शामिल नहीं किया है। 12 में से नौ खिलाड़ी, प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीमों से हैं। इस सीजन प्लेऑफ में जो टीमें पहुंची हैं, उनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स शामिल हैं।

### सूर्यवंशी और गिल ओपनर

बद्रीनाथ की चुनी हुई सर्वश्रेष्ठ-12 की टीम में कोहली पर वैभव सूर्यवंशी को तरजीह दी गई है। वहीं, शुभमन गिल को उनके ओपनिंग साथी के तौर पर चुना है। इसके बाद नंबर तीन पर साई सुदर्शन और नंबर चार पर हेनरिक क्लासेन को रखा है। बद्रीनाथ ने नंबर पांच पर आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार को रखा है। वहीं, ऑलराउंडर्स में बद्रीनाथ ने क्रुणाल पांड्या और केकेआर के सुनील नरेन को अपनी टीम में शामिल किया है। उन्होंने राशिद खान को शामिल नहीं किया है, जो इस सीजन गुजरात टाइटंस के लिए 19 विकेट ले चुके हैं।

### इन तीन तेज गेंदबाजों पर जताया भरोसा

तेज गेंदबाजी डिपार्टमेंट में बद्रीनाथ ने भुवनेश्वर कुमार, जोफ्रा आर्चर और कगिसो रबाडा को शामिल है। साथ ही उन्होंने चौथे पेसर के रूप में प्रिंस यादव या कार्तिक त्यागी में से किसी एक को जगह दी। उन्होंने कहा कि यह टॉस अप रहेगा, क्योंकि दोनों ही शानदार हैं। जिसे भी शामिल किया जाए, वो अच्छा ही करेगा। बद्रीनाथ ने सीएसके के स्पिनर अकील हुसैन को इम्पैक्ट सब के रूप में शामिल किया।





# इंटर मियामी ने दिया मेसी की फिटनेस पर बड़ा अपडेट

**मियामी।** मेसी ने फ्रांस के खिलाफ हुए खिताबी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम किरदार निभाया था। अगर वह इस विश्व कप में नहीं खेले तो यह अर्जेंटीना के लिए बड़ा झटका होगा। अब सवाल यही है कि क्या वह समय रहते फिट हो पाएंगे? मेसी का सोमवार को चिकित्सा परीक्षण किए गए। यह किस तरह के परीक्षण थे इसका खुलासा नहीं किया गया, लेकिन यह बताया गया कि उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों में कुछ समस्या है। मेसी इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए रविवार को मैच के बीच से मैदान छोड़कर चले गए थे। इस तरह की परेशानियों में चोट की गंभीरता के आधार पर वापसी की समय सीमा तय की जाती है और मेस्सी के मामले में अभी यह सुनिश्चित नहीं है कि वह कब तक वापसी करेंगे। इंटर मियामी ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा, 'शारीरिक गतिविधियों में उनकी वापसी की समयसीमा उनकी चिकित्सकीय और कार्यात्मक प्रगति पर निर्भर करेगी।'



# गाजियाबाद आसपास




## 'सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी'

# संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त ने जलकल विभाग को दिए कड़े निर्देश

### हर घर को पेयजल आपूर्ति नगर निगम की प्राथमिकता : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संभव जनसुनवाई में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा समस्याओं को सुनकर समाधान के लिए निर्देश दिए गए।

संभव के अंतर्गत 19 संदर्भ प्राप्त हुए निर्माण विभाग के 10 संदर्भ, स्वास्थ्य विभाग के तीन, जलकल विभाग की चार संदर्भ, पार्किंग संबंधित एक संदर्भ, प्रकाश संबंधित एक संदर्भ प्राप्त हुआ। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त जलकल संबंधित संदर्भों पर नगर आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए मौके पर टीम भेज कर कार्यवाही कराई गई। विजयनगर जोन तथा सिटी जोन से नलकूप मरम्मत तथा मोटर की मरम्मत को लेकर पेयजल की समस्याएं सामने आई जिनको संबंधित अवर अभियंता तथा अधिशासी अभियंता जल को बताते हुए निश्तरित कराया गया।

शहर के सभी वार्डों में जलकल विभाग की टीम स्वयं निरीक्षण करते हुए पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करें नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए। पेयजल आपूर्ति नगर निगम की प्राथमिकता है किसी प्रकार की लापरवाही जलापूर्ति में बर्दाश्त नहीं होगी हर घर को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान के रूप में कार्य किया जाए नगर आयुक्त द्वारा निर्देश दिए गए। अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त संदर्भों पर भी कार्यवाही कराई गई मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, डॉ अनुज प्रभारी उद्यान, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, एसपी मिश्रा निर्माण विभाग से उपस्थित रहे।

# मैराथन में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**नोएडा।** कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को लेकर प्रेरित करने के लिए मंगलवार को मैराथन आयोजित की गई। कार्यक्रम में 500 से अधिक एथलीट्स, फिटनेस प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य लोगों को कैंसर की रोकथाम, नियमित व्यायाम और गर्मियों में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरूआत जुम्बा सेशन से हुई। इसके बाद 3, 5 और 10 किलोमीटर श्रेणियों में मैराथन आयोजित की गई। इस मौके पर डॉ. सज्जन राजपुरोहित ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से लड़ाई केवल इलाज से नहीं बल्कि जागरूकता, समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली से शुरू होती है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और सक्रिय दिनचर्या कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करती है।




### सुल्लामल रामलीला की चुनावी महाभारत में हो गयी सर्फ वालों की एंट्री

वो रामलीला ही ऐसी है कि एक दूसरे को बेईमान बताये बिना उनका भोजन पचता नहीं है। एक बार फिर से रणभेरी बज चुकी है और प्रभु श्रीराम का ये आईपीएल तैयार है। हो सकता है कि इस बार ईधर वाले खिलाड़ी उधर चले जायें, उधर के खिलाड़ी ईधर आ जाये। सुना है कि रामलीला की चुनावी महाभारत में सर्फ वाले लाला जी की एंट्री हो गयी है। हालाकि लाला जी पहले भी यहां हार का माउथ देख चुके हैं, मगर सर्फ वालों का ये जर्फ है कि फिर से मैदान में आने को तैयार हैं। चुनाव कोई भी लड़ सकता है लेकिन ऐसा सबरी भाव किसी ने टेलीफोन पर नहीं दिखाया जैसा भाव सर्फ वाले लेकर आये हैं। जब वो किसी को फोन करते हैं तो सबरी और केवट मल्लाह दोनों का निचोड़ निकाल लाते हैं। पहले पूछते हैं कि आप कहो तो लड़ लूं क्या। और फिर कहते हैं कि अजी करना सबकुछ आपको ही है, मैं तो बस आपकी आज्ञा से लड़ लूंगा। राम वालों ने ही कहा कि सर्फ वाले हमें फूलिया समझ रहे हैं क्या। अगर सबकुछ हमें ही करना है तो वो हमें ही क्यों नहीं लड़ा देते।

### फेसबुक पर शान में कसीदे पढ़ने से कुछ नहीं होने वाला है नेता जी

सियासत में अब वफादारी के पैमानों में एक पैमाना सोशल मीडिया की चाटूकारिता भी आ गया है। अगर कोई व्यक्ति बड़े नेता को कुछ कहता है तो नेता जी से पॉलिटिकल लाभ उठाने के इच्छुक लोग उनके समर्थक बनकर आ जाते हैं। ऐसा नहीं है कि केवल यहीं पर कहने से काम चल जायेगा। पहले कमेंट होगा, फिर उस कमेंट का स्क्रीन शॉट लिया जायेगा। इसके बाद नेता जी को वो स्क्रीन शॉट भेजकर बताया जायेगा कि देखी हमारी वफादारी। हमने तुरंत जवाब दिया फेसबुक पर। इस नयी डिजिटल चमचागिरी को लेकर कई अनुभव प्राप्त कर चुके केसरिया सिटिजन ने कहा कि ऐसा है ये डिजिटल चमचागिरी कुछ नहीं देगी। फेसबुक पर शान में कसीदे पढ़ने से कुछ नहीं होने वाला है। उन्होंने एक एक करके चार नाम गिनाये और कहा कि ये भी कभी इसी हथियार का इस्तेमाल करते थे। मगर जब कृपा वाली बेला आयी तो ये नाम हवा हो गये।

### मंडल अध्यक्ष को अगर टिकट मिल जाये तो हमें भी बता देना

राजनीति में हर कोई प्रमोशन चाहता है। प्रमोशन पाने के लिए कोई अपना सियासी डिवोशन संगठन वालों के लिए कर देता है। कोई जनप्रतिनिधियों के यहां डेरा डाल लेता है। इन सबके बीच एक तीसरी लॉबी वो भी होती है जो दावेदारी के लिए हर दरवाजे पर चाबी लगा रही होती है। मंडल अध्यक्ष पूरी भागदौड़ कर रहे हैं और एक मंडल अध्यक्ष ने तो यहां तक कह दिया कि अगर सीट महिला आरक्षित हुई तो मेरी पत्नी चुनाव लड़ेगी। पत्नी के चुनाव लड़ने की बात जब दूसरे खेमे तक पहुंची तो उन्होंने भी ठहाका लगाया। पूछ लिया कि पत्नी को छोड़ो अध्यक्ष जी अभी तो तुम्हारी टिकट का सीन भी कन्फर्म नहीं है। फिर फूल वाले देवतुल्य ने कहा कि अगर मंडल प्रधान का टिकट वार्ड में कन्फर्म हो जाये तो हम राजनीति छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि विधायक जी 2027 में अपने लिये जोर लगायेंगे या इस मंडल प्रधान के टिकट को माईलेज देते फिरेंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

### बृजघाट से लौटते समय हुआ हादसा




**हापुड़।** हापुड़ जिले के सिंभावली क्षेत्र के बक्सर नहर नए बाइपास पर रविवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। इनमें से एक युवक की मेरठ मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य का उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, गांव झंडापुर गली नंबर-1 थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद निवासी गोलू पुत्र मोहम्मद मुस्ताक (18), आदि ठाकुर पुत्र मानसिंह (19) और जाहिद पुत्र पप्पू (19) एक ही बाइक पर सवार होकर बृजघाट से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बक्सर नहर नए बाइपास के ऊपर पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही थाना मोबाइल रात्रि अधिकारी उपनिरीक्षक यतेन्द्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी सिखेड़ा भेजा। वहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए तीनों को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

रठ मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान आदि ठाकुर की मौत हो गई। जबकि घायल गोलू और जाहिद का उपचार जारी है। बताया गया कि गोलू की हालत स्थिर बनी हुई है और वह बोलने व चलने की स्थिति में है। सीओ गढ़मुक्तेश्वर स्तुति सिंह ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में जटिल स्पाइन सर्जरी सफल

## 135 किलो वजनी महिला को मिला नया जीवन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी चिकित्सा विशेषज्ञता का लोहा मनवाया है। अस्पताल के वरिष्ठ स्पाइन विशेषज्ञों की टीम ने 135 किलोग्राम वजनी एक महिला मरीज की अत्यंत जटिल स्पाइन सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर उन्हें नया जीवन प्रदान किया है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में यह संस्थान का लगातार 12वां सफल ऑपरेशन है, जिसने क्षेत्र में अस्पताल की विश्वसनीयता को और मजबूत किया है।

**बिस्तर पर सिमट गई थी जिंदगी**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला संभल के चन्दौसी (गणेश कॉलोनी) की रहने वाली 58 वर्षीय उमा शर्मा (पत्नी श्री महेश चंद शर्मा) लंबे समय से रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। अत्यधिक वजन (लगभग 135 किलो) होने के कारण उनकी स्थिति और ज्यादा बिगड़ चुकी थी। दर्द और लाचारी का आलम यह था कि वे खुद से उठने-बैठने तक में असमर्थ थीं और अपनी दैनिक नित्य क्रियाओं के लिए भी पूरी तरह बिस्तर पर निर्भर हो चुकी थीं। परिजनों ने कई बड़े अस्पतालों में उनका इलाज कराया, लेकिन हर जगह से निराशा ही हाथ लगी।


**अत्याधुनिक तकनीक से मिली सफलता**

थक-हारकर परिजन मरीज को लेकर गाजियाबाद के वरदान मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पहुंचे। यहाँ स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप बंसल एवं डॉ. शिव नारायण सिंह की टीम ने मरीज की गहन जांच की और जोखिम के बावजूद तुरंत सर्जरी की सलाह दी। मरीज के अत्यधिक वजन को देखते हुए डॉक्टरों ने अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और विशेष निगरानी में ऑपरेशन को सुरक्षित तरीके से संपन्न किया। सर्जरी के बाद मरीज को ऑब्जर्वेशन में रखा गया, जहां उनकी सेहत में तेजी से सुधार देखा गया। डॉक्टरों ने बताया कि अब उमा शर्मा बिना किसी सहारे के धीरे-धीरे सामान्य रूप से चलने-फिरने लगी हैं।व्हीलचेयर से सीधे अपने पैरों पर खड़ी हुईं उमा शर्मा और उनके भावुक परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन का हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया। परिजनों ने कहा, यहाँ के डॉक्टरों ने हमें न सिर्फ बेहतर इलाज दिया, बल्कि निराशा के अंधकार से निकालकर एक नई उम्मीद और नया जीवन दिया है। इस बड़ी चिकित्सा उपलब्धि पर अस्पताल प्रबंधन ने पूरी सर्जिकल और नर्सिंग टीम को बधाई दी है।

## करंट से बेसहारा गोवंश की मौत, कार्रवाई की मांग

**नोएडा।** कस्बे की खेड़ा देवत कॉलोनी में मंगलवार को बिजली का करंट लगने से एक बेसहारा गोवंश की मौत हो गई। गोरक्षा दल के पदाधिकारियों ने दनकौर कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी और बिजली विभाग पर केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। कार्यकताओं का आरोप है कि क्षेत्र में खुले बिजली तार और लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। इस दौरान देवा योगी, दिनेश नागर, वश बेसला, हैप्पी नागर, हर्ष बेसला, विशाल और विपिन समेत कई गोरक्षक मौजूद रहे।

# पैरा एथलीट प्रवीण को पद्मश्री सम्मान



**नोएडा।** जिले के पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को सोमवार को पद्मश्री से नवाजा गया। सम्मानित होने के साथ अब प्रवीण गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोहों के साथ-साथ सरकारी आयोजनों में भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जेवर क्षेत्र के गोविंदगढ़ गांव निवासी प्रवीण कुमार को यह सम्मान पैरा एथलेटिक्स में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए मिला है। प्रवीण ने पैरा हाई जंप प्रतियोगिताओं में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया।

परिजनों ने बताया कि बचपन से ही प्रवीण का झुकाव खेलों की ओर था। सीमित संसाधनों और तमाम चुनौतियों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मिला यह सम्मान पैरा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इससे दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# पिलखुवा में मंदिर में मूर्ति खंडित, भड़का लोगों का गुस्सा

## पुलिस चौकी के पास हुई वारदात से मची अफरातफरी



**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांधी कॉलोनी स्थित बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास राधा-कृष्ण मंदिर में मूर्ति खंडित कर दी गई। जिससे मंगलवार सुबह लोगों का गुस्सा भड़क गया। सुबह मंदिर खुलते ही मूर्ति देखकर लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना को लेकर इलाके में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी भारी संख्या में मौके पर पहुंच गई।

मंदिर के पुजारी पंकज शर्मा ने बताया कि रात में मंदिर बंद करते समय सब कुछ ठीक था। सुबह करीब छह बजे मंदिर पहुंचे तो राधा-कृष्ण मंदिर में मूर्ति खंडित मिली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते मंदिर परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में एक युवक दिखाई दिया है। पुलिस फुटेज के आधार पर युवक की पहचान कराने में जुटी है। लोगों में घटना को लेकर भारी नाराजगी दिखाई दी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी भी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जल्द युवक को पकड़ने की मांग की। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि मंदिर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। फुटेज में दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराने का प्रयास चल रहा है।

## मुक्ति धाम पर जिंदा मां को छोड़ गया बेटा, गंगा स्नान के बहाने लाया

**हापुड़।** भगवती ने बताया कि रात गहराने के बाद तट पर हजारों लोगों की भीड़ के बावजूद उन्हें डर लगने लगा। वह रातभर भूखी-प्यासी महिला घाट और आसपास के क्षेत्रों में बेटे को तलाशती रहीं। चलने में असमर्थता के कारण वह वहीं थोड़ी दूरी पर बैठ गईं। आसपास के लोगों से भी बेटे के बारे में पूछा लेकिन कोई कुछ नहीं बता सका। जिस स्थान पर भगवान शिव के गणों को महर्षि दुवार्सा के श्राप से मुक्ति मिली, उसी पवित्र स्थान पर एक बेटा अपनी मां 70 वर्ष की मां को गंगा स्नान के बहाने छोड़ गया।

# बीएनआई नोएडा और गाजियाबाद द्वारा 'झूम नाइट 2026' का आयोजन

### संगीत, सौहार्द और नेटवर्किंग का अद्भुत संगम, 400 से अधिक सदस्यों ने लिया हिस्सा











**नोएडा, करंट क्राइम।** सेक्टर-52 स्थित अदिरा बैंक्वेट में व्यापारिक नेटवर्किंग संगठन बीएनआई द्वारा बहुप्रतीक्षित वार्षिक सामाजिक कार्यक्रम 'झूम नाइट 2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस शानदार संध्या में 400 से अधिक सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने भाग लेकर संगीत, स्वादिष्ट व्यंजनों और टीम-बिल्डिंग गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का आयोजन बीएनआई नोएडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमित पाल्टा के कुशल एवं प्रेरणादायक नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

उनकी दूरदृष्टि ने बीएनआई नोएडा को केवल व्यावसायिक रेफरल मंच ही नहीं, बल्कि एक सशक्त और जीवंत पारिवारिक समुदाय के रूप में स्थापित किया है। अमित पाल्टा ने कहा कि जो संगठन साथ मिलकर उत्सव मनाता है, वही साथ मिलकर आगे भी बढ़ता है। 'झूम नाइट' हमारे उन सभी सदस्यों के प्रति आभार और सम्मान का प्रतीक है, जो प्रत्येक सप्ताह बीएनआई परिवार को अपनी ऊर्जा, समय और समर्पण प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध सूफी गायक एवं उनके बैंड की मनमोहक लाइव प्रस्तुति रही। सूफियाना संगीत की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। इसके साथ आयोजित विभिन्न टीम-बिल्डिंग गतिविधियों ने सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव और भाईचारे को और मजबूत किया। इस सफल आयोजन के पीछे बीएनआई नोएडा की समर्पित सपोर्ट डायरेक्टर्स टीम का अथक योगदान रहा। आयोजन को सफल बनाने में प्रेम खमेसरा, दीपक शर्मा, अश्वनी हांडा, एस. वैद्यनाथन, आशा पंवार, बी.डी. राठौड़, गौरव अग्रवाल, अंशु डावर, अमन पाल्टा, सुरभि सिंह, दिनेश बारी, रजत अजमानी, गौरव कोछड़, मनवीर सिंह, अर्पित गर्ग, आयुष गुप्ता, कृतिका बाजपेयी सहित अनेक डायरेक्टर्स एवं एम्बेसडर्स का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रायोजकों की भी विशेष भूमिका रही जिसमें इवेंट स्पॉन्सर के रूप में वैभव अग्रवाल के नेतृत्व में मेसर्स द वेल्थी का विशेष सहयोग रहा वहीं गोल्ड स्पॉन्सर के रूप में शुचि गुनवंत की संस्था अनहद डाइमंडस प्राइवेट लिमिटेड एवं सिल्वर स्पॉन्सर के रूप में समित माहेश्वरी की सुप्रीम इलेक्ट्रिकल्स तथा बी.डी. राठौर की गुड इंश्योरेंस ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि 800 से अधिक सदस्यों वाला बीएनआई नोएडा, एनसीआर का एक प्रमुख व्यावसायिक नेटवर्क है, जो 'गिवर्स गेन' के सिद्धांत पर आधारित है और अपनी मजबूत रेफरल संस्कृति, नेतृत्व क्षमता तथा सक्रिय सदस्यता के लिए विशेष पहचान रखता है। 'झूम नाइट 2026' ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि बीएनआई नोएडा और गाजियाबाद केवल व्यापारिक मंच नहीं, बल्कि रिश्तों, विश्वास और सामूहिक प्रगति का एक सशक्त परिवार है।

## 5 दिन बाद भी 5501 ब्लॉक में शुरू नहीं हो सकी जनगणना

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कारण गौतमबुद्ध नगर में जनगणना-2027 मजाक बनकर रह गई है। यही कारण है कि पांच दिन बाद भी जिले में मकानों की सूची व गणना का केवल 0.12 प्रतिशत काम पूरा हो सका है।

5923 में से 5501 ब्लॉक में तो काम शुरू भी नहीं हुआ है जबकि 20 जून तक यह काम पूरा करना है। सबसे बुरा हाल नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का है। दोनों प्राधिकरण क्षेत्र के 4594 में से 4446 ब्लॉक में काम शुरू नहीं हुआ है। यहां के अधिकारी प्रगणकों की ड्यूटी काटने व बदलने में व्यस्त हैं। जनगणना-2027 के तहत जिले में 22 मई से मकानों की सूची और गणना का काम शुरू हुआ है। इसके लिए जिले को 5923 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में बांटा गया है। इन सभी पर एक-एक प्रगणक तैनात किया गया है। जो अपने-अपने क्षेत्र में मकानों की सूची व गणना करने का काम करेगा। यह काम 20 जून तक पूरा करना है लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी जनगणना का काम पूरी तरह से शुरू नहीं हो सका है। कुल 5923 ब्लॉक में से 5501 में अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। सबसे ज्यादा ब्लॉक नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में है। वहां मकानों की सूची व गणना कराने का जिम्मा संबंधित प्राधिकरण के पास है लेकिन 5 दिन बीतने के बाद भी अब तक ज्यादातर ब्लॉक में काम शुरू नहीं हो सका है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में इस समय प्रगणकों को ड्यूटी देने और हटाने व जगह बदलने का काम चल रहा है। जबकि यह काम 22 मई से पूर्व हो जाना चाहिए था। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जिम्मेदार अफसरों के कार्यालय में लाइन लगी रही।

**अब तक 0.12 प्रतिशत हो सकी गणना**

जिले में मकानों की सूची व गणना करने का काम 0.12 प्रतिशत पूरा हुआ है जबकि 5 दिन बीत चुके हैं। इन 5 दिन में 5923 प्रगणक मिलकर भी एक प्रतिशत काम पूरा नहीं कर सके हैं। अब तक केवल जेवर तहसील क्षेत्र में 2.30 प्रतिशत काम पूरा हो सका है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम

Satendra Shishodia · Follow
42m

आज कथा वाचक स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज का स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उनके पावन सान्निध्य एवं आशीर्वचनों से मन अत्यंत आनंदित और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हुआ।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया हमेशा से धार्मिक आस्थाओं को केंद्र में रखकर जीवन शैली को जीते हैं। कथावाचक स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज से उनकी मुलाकात हुई और इस पावन पल को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। अध्यात्म, आस्था और श्रद्धा का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# प्रधानमंत्री नेतन्याहू अचानक अस्पताल में भर्ती, पहले से कई बीमारी से हैं पीड़ित



**संयुक्त राष्ट्र।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सोमवार शाम यरुशलम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हाल के वर्षों में उनकी सेहत को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। पिछले महीने उन्होंने प्रोस्टेट कैंसर के इलाज का खुलासा किया था।

इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सोमवार शाम यरुशलम के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में इसकी पुष्टि की गई। टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के अनुसार नेतन्याहू को यरुशलम स्थित हदासाह ऐन केरम मेडिकल सेंटर ले जाया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि 76 वर्षीय नेतन्याहू दांतों से जुड़े इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। यह बयान उस समय जारी किया गया जब हिब्रू मीडिया में उनके अस्पताल ले जाए जाने की खबरें सामने आईं।

**नेतन्याहू की सेहत क्यों बनी चर्चा का विषय?**

पिछले कुछ समय से नेतन्याहू की सेहत इस्राइल में चर्चा और विवाद का बड़ा विषय बनी हुई है। विपक्ष और आलोचकों ने उन पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जनता से छिपाने के आरोप लगाए हैं। इसी वजह से उनकी वास्तविक स्वास्थ्य स्थिति को लेकर देश में लगातार अटकलें लगती रही हैं।

उनकी घोषणा के साथ वार्षिक स्वास्थ्य रिपोर्ट और कैंसर उपचार से जुड़ा एक अतिरिक्त दस्तावेज भी जारी किया गया था, लेकिन उसमें बेहद सीमित जानकारी दी गई थी। रिपोर्ट में केवल पांच संक्षिप्त बिंदु थे और यह भी स्पष्ट नहीं किया गया था कि वह किस वर्ष की मेडिकल रिपोर्ट है। दस्तावेजों पर अस्पताल का लोगो या औपचारिक मेडिकल प्रमाणन भी नहीं था।

नेतन्याहू की स्वास्थ्य समस्याओं का सिलसिला पिछले कुछ वर्षों से जारी है। जुलाई 2023 में उनके शरीर में पेसमेकर लगाया गया था। मार्च 2024 में उनकी हर्निया सर्जरी हुई थी और दिसंबर 2024 में प्रोस्टेट हटाने की सर्जरी कराई गई थी। पेसमेकर लगाए जाने के समय शुरूआत में कहा गया था कि वह डिहाइड्रेशन की निगरानी के लिए अस्पताल में भर्ती हुए थे, लेकिन बाद में खुलासा हुआ कि उनके शरीर में हार्ट मॉनिटर भी लगाया गया था। एक सप्ताह बाद डॉक्टरों ने माना कि ईसीजी टेस्ट में कुछ अनियमितताएं मिली थीं, हालांकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह भी कहा था कि प्रधानमंत्री का दिल पूरी तरह सामान्य है।

### नेतन्याहू ने अपने स्वास्थ्य को लेकर क्या बताया था?

पिछले महीने नेतन्याहू ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट साझा कर खुलासा किया था कि उन्होंने हदासाह अस्पताल में प्रोस्टेट में पाए गए घातक ट्यूमर के लिए सफल रेडिएशन थेरेपी कराई थी। हालांकि उन्होंने बीमारी का पता चलने, इलाज शुरू होने और खत्म होने की तारीखों का खुलासा नहीं किया। नेतन्याहू ने दावा किया था कि हालिया युद्ध के दौरान ईरान इस जानकारी का इस्तेमाल इजरायल के खिलाफ प्रचार के लिए कर सकता था, इसलिए इसे सार्वजनिक नहीं किया गया।

# जी हुजूरी करने वाले पाकिस्तान ने ट्रंप की अपील क्यों ठुकराई, अब्राहम समझौते पर कहा- हमें मंजूर नहीं

**इस्लामाबाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुस्लिम देशों से अब्राहम समझौते में शामिल होने का मांग की था। ट्रंप ने बीते दिनों सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर सहित कई नेताओं से बातचीत की थी। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुस्लिम देशों से अब्राहम समझौते में शामिल होने की मांग की थी। वहीं, पाकिस्तान ने अब्राहम समझौते में शामिल होने से इनकार कर दिया है। रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद किसी भी ऐसे समझौते का समर्थन नहीं करेगा जो देश की मौलिक विचारधाराओं के खिलाफ हो। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, यह बयान पाकिस्तानी प्रसारक समा टीवी के साथ एक साक्षात्कार के दौरान दिया गया।



रक्षा मंत्री आसिफ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दबाव और कूटनीतिक संकेतों के बाद पाकिस्तान के अब्राहम समझौते पर हस्ताक्षर करने की संभावना के बारे में पूछा गया था। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, ₹निजी तौर पर मुझे नहीं लगता कि हमें ऐसे किसी भी समझौते में शामिल होना चाहिए जो हमारी मौलिक विचारधाराओं से टकराता हो।

**इस्राइल पर नहीं कर सकते भरोसा : ख्वाजा आसिफ**

इस्राइल के साथ जुड़ाव की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने आगे कहा, आप उन लोगों के साथ कैसे बैठेंगे जिन पर एक दिन के लिए भी भरोसा नहीं किया जा सकता? उन्होंने इस्लामाबाद के इस मुद्दे पर लंबे समय से चले आ रहे रुख को दोहराते हुए कहा, हमारा रुख बहुत साफ है कि यह हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है।

आसिफ ने इस्राइल के बारे में पाकिस्तान की पासपोर्ट नीति का भी जिक्र किया, जो यहूदी राज्य को मान्यता देने से देश के इनकार को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा, और दूसरी बात, हमारे पासपोर्ट पर, हम एकमात्र देश हैं जिनके पासपोर्ट पर इस्राइल का नाम भी शामिल नहीं है। सऊदी अरब ने भी डोनाल्ड ट्रंप की अपील को खारिज कर दिया है। सऊदी अरब ने कहा है कि जब तक फलिस्तीन को देश के तौर पर मान्यता नहीं मिलती है, तब तक इस्राइल के साथ संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। गौरतलब है कि तमाम मुस्लिम देशों की प्राथमिकता फलस्तीन को मान्यता दिलाने की है।

### ब्रिटेन, फ्रांस और स्पेन जैसे देशों में लू का कहर; किस देश में कितना तापमान?

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनिया के कई देश इस समय भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और वियतनाम जैसे देशों में तापमान ने पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कई जगहों पर पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। बढ़ती गर्मी के कारण स्वास्थ्य संकट, हीट स्ट्रोक और जंगलों में आग का खतरा भी बढ़ गया है। दुनिया इस समय भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान की चुनौती का सामना कर रही है। भारत में जहां कई राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच रहा है, वहीं यूरोप, एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देशों में भी रिकॉर्डतोड़ गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वैज्ञानिकों और मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अल नीनो और जलवायु परिवर्तन के कारण हीटवेव अब पहले से ज्यादा खतरनाक, लंबी और जल्दी आने लगी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, जो गर्मी पहले जून-जुलाई में देखने को मिलती थी, अब वह मई महीने में ही रिकॉर्ड तोड़ रही है।

## बकरीद से पहले हमलों पर बिफरा ईरान

# पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेना को कहीं पनाह नहीं: खामेनेई

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका को खुली चुनौती दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया में अब अमेरिकी ठिकानों को कोई सुरक्षा नहीं मिलेगी और ईरान हर खतरे पर सीधा पलटवार करेगा। अमेरिकी हमले और खामेनेई के बयान के बाद तनाव बढ़ना तय है।



शांति की बात करते-करते अमेरिका ने बकरीद से ठीक पहले एक बार फिर ईरान पर हमला किया है। इसके बाद ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका को बेहद कड़ी चेतावनी दी है। पद संभालने के बाद से वह कभी वीडियो या कैमरे के सामने नहीं आए हैं। वह सिर्फ सरकारी टेलीविजन के माध्यम से अपने बयान जारी कर रहे हैं। इस बार उन्होंने सीधे तौर पर अमेरिका और उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और ज्यादा बढ़ने की आशंका है।

**अमेरिकी ठिकानों को नहीं मिलेगी ढाल- खामेनेई**

सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने साफ-साफ कहा कि पश्चिम एशिया की ताकतें अब अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए ढाल नहीं बनेंगी। उन्होंने कहा कि अब इस पूरे इलाके में अमेरिकी सेना के लिए कोई भी 'सुरक्षित पनाहगाह' नहीं बचेगी। युद्ध की शुरूआत से ही ईरान का यही मुख्य तर्क रहा है। ईरान चाहता है कि क्षेत्र के सभी देश मिलकर अमेरिकी मौजूदगी को पूरी तरह खत्म करें।

**कब से जारी है तनाव?**

बताते चलें कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच यह भीषण सैन्य टकराव इसी साल 28 फरवरी 2026 को तब शुरू हुआ, जब अमेरिका और इस्राइल ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के तहत ईरान पर लगभग 900 हवाई हमले कर उसके सर्वोच्च नेता अली खामेनेई सहित कई टॉप कमांडरों को ढेर कर दिया और उसके परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया। इसके जवाब में ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों, इस्राइल और खाड़ी देशों पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे। इतना ही नहीं, दुनिया के सबसे संवेदनशील तेल व्यापार मार्ग 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को ब्लॉक कर दिया, जिससे वैश्विक स्तर पर गंभीर ईंधन संकट पैदा हो गया। हालांकि, पाकिस्तान और अन्य देशों की मध्यस्थता के बाद 8 अप्रैल 2026 से एक बेहद नाजुक युद्धविराम लागू है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में पर्दे के पीछे चल रही शांति वार्ता के बीच ईरान की ओर से समुद्र में माइंस बिछाने की कोशिशों और जवाब में अमेरिकी हमलों ने इस पूरे इलाके को एक बार फिर महायुद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है।

### नए क्षेत्रीय आदेश के लिए एकजुटता की अपील

खामेनेई ने दुनिया के सभी इस्लामी देशों से अपने साझा हितों के लिए एक साथ आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यही एकजुटता भविष्य के नए आदेश को तय करेगी। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'मैं पूरी ईमानदारी और पवित्रता के साथ सभी इस्लामी देशों और सरकारों को दोस्ती और सहयोग का निमंत्रण देता हूं।'

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर की भारत की तारीफ

## ट्रंप बोले- मैं हूं पीएम मोदी का बहुत बड़ा प्रशंसक

**वॉशिंगटन।** नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजदूत सर्जियो गोर को फोन किया था। इस दौरान उन्होंने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा था कि उन्हें भारत से प्यार है और पीएम मोदी उनके करीबी मित्र हैं। अब उन्होंने एक बार फिर से अपने बयान को दोहराया है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में अमेरिकी दूत सर्जियो गोर द्वारा साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट को फिर से पोस्ट किया है। इस पोस्ट में सर्जियो गोर ने भारत के लिए ट्रंप के प्रेम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मजबूत संबंधों का जिक्र किया।

एक्स पर एक पोस्ट में सर्जियो गोर ने लिखा, ₹राष्ट्रपति ट्रंप ने आज रात मुझे फोन किया। उनका एक स्पष्ट संदेश था: मैं भारत से प्यार करता हूं। हम भारत के इतने करीब कभी नहीं रहे। मैं प्रधानमंत्री मोदी का एक बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।

### सर्जियो गोर के पोस्ट को किया साझा

इसके जवाब में ट्रंप ने सोमवार शाम को अपने आधिकारिक 'ट्रुथ सोशल' अकाउंट पर इस संदेश को फिर से पोस्ट किया। उन्होंने नई दिल्ली के भारत मंडपम में अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से एक वीडियो क्लिप भी साझा की।

ट्रंप ने रविवार रात को कहा था कि भारत मुझ पर 100 प्रतिशत भरोसा कर सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना बेहतरीन दोस्त बताया था। यह घटनाक्रम भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच सामने आया है, जिसमें दोनों देशों के नेता एक-दूसरे के प्रति प्रशंसा व्यक्त कर रहे हैं। ट्रंप की यह पोस्ट भारत के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को उजागर करने के उनके प्रयास को दर्शाती है।

### पीएम मोदी और भारत की खुलकर की तारीफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर को अचानक फोन किया। तब गोर अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में थे। इस दौरान ट्रंप ने भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ की।

# उत्तरी बेल्जियम में तेज रफ्तार ट्रेन ने स्कूल बस को मारी टक्कर, दो बच्चों समेत चार की मौत; पांच घायल

**बुगेनहाउट।** उत्तरी बेल्जियम में तेज रफ्तार ट्रेन और बस की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं, जबकि पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा ब्रसेल्स के पास बुगेनहाउट इलाके में सुबह के व्यस्त समय में लेवल क्रॉसिंग पर हुआ।



उत्तरी बेल्जियम में एक बस तेज रफ्तार ट्रेन से टकरा गई। इसमें हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, पांच अन्य बच्चे घायल हुए। अभियोजकों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बेल्जियम की रेल ऑपरेटर कंपनी इंफ्रारेल की प्रवक्ता लिसा डि वाइल्ड ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि घायल बच्चों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। यह हादसा राजधानी ब्रेसेल्स से करीब 30 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित बुगेनहाउट शहर के पास एक लेवल क्रॉसिंग पर हुआ, जब सुबह का व्यस्त समय था।

उन्होंने बताया कि मरने वालों में मिनी बस का चालक और एक कंडक्टर के साथ दो बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हादसे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। जांचकर्ता चश्मदीदों से पूछताछ कर रहे हैं और आसपास लगे कैमरों की फुटेज भी खंगाल रहे हैं। उन्होंने कहा, हम जो जानते हैं वह यह है कि बैरियर बंद था और लाल बत्ती जल रही थी।

**120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी ट्रेन**

प्रवक्ता ने बताया कि ट्रेन क्रॉसिंग के पास आते समय लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी और उसके पास ब्रेक लगाने का समय नहीं था।

जांच कर रहे फोरेंसिक विशेषज्ञ उन्होंने सार्वजनिक प्रसारक आरटीबीएफ को बताया, टक्कर बेहद खौफनाक थी।

एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर के मुताबिक, घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त बस उलटी पड़ी थी। फॉरेंसिक विशेषज्ञ सफेद सुरक्षा वर्दी पहनकर और दस्ताने लगाकर मौके की तस्वीरें ले रहे हैं। पास में एक सफेद तंबू लगाया गया है। ट्रेन को अपेक्षाकृत कम नुकसान हुआ है।

**बेल्जियम के गृह मंत्री ने दुख जताया**

बेल्जियम के गृह मंत्री बर्नार्ड क्विंटिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस हादसे प दुख जताया और कहा कि स्कूल बस को ट्रेन ने टक्कर मार दी। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

# मुनीर की कठपुतली हैं शहबाज! ट्रंप के पोस्ट का साफ इशारा, सत्ता का केंद्र हैं PAK सेना प्रमुख

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अब्राहम समझौते को लेकर किए गए एक पोस्ट ने पाकिस्तान में खलबली मचा दी है। ट्रंप के इस पोस्ट ने साफ इशारा कर दिया है कि शहबाज शरीफ का नाम पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के तौर पर भले ही लिया जाए, लेकिन सत्ता की लगाम असल में आसिम मुनीर के हाथ में ही है।



पाकिस्तान में प्रधानमंत्री भले ही शहबाज शरीफ हों, लेकिन तमाम बड़े मामलों में सेना प्रमुख आसिम मुनीर का दखल साफ नजर आता है। पाकिस्तान में शहबाज शरीफ अब आसिम मुनीर के हाथों की कठपुतली जैसे दिखते हैं। पाकिस्तान में सत्ता के इस समीकरण को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक हालिया पोस्ट ने और बल दिया है।

ट्रंप ने सोमवार को 'ट्रुथ सोशल' पर अब्राहम समझौते के विस्तार को लेकर एक पोस्ट में उन विश्व नेताओं की सूची जारी की, जिनसे उन्होंने बात की थी। हालांकि, जब बात पाकिस्तान की आई, तो उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का नाम नहीं लिया। इसके बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर का जिक्र किया।

**ट्रंप ने चूक नहीं की, दिया छिपा संदेश**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पोस्ट में सऊदी अरब के मोहम्मद बिन सलमान, यूएई के मोहम्मद बिन जायद, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी जैसे नेताओं का नाम लिखा। वहीं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इस सूची में नहीं थे। जानकारों का कहना है कि यह सिर्फ चूक का मामला नहीं है। यह चूक सीधे तौर पर पाकिस्तान में सत्ता के समीकरण पर मुहर लगाती दिख रही है।

यह पहले से ही साफ है कि पाकिस्तानी सेना विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में देश की सरकार की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभाव रखती है।

### उत्तर कोरिया ने फिर किया मिसाइल परीक्षण, दक्षिण कोरिया की सेना ने की पुष्टि

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को अपने पश्चिमी तट से एक अज्ञात प्रक्षेपास्त्र का प्रक्षेपण किया है। दक्षिण कोरिया की सेना ने इस बात की पुष्टि की है, जो इस वर्ष उत्तर कोरिया का नवीनतम हथियार परीक्षण प्रतीत होता है। यह प्रक्षेपण 19 अप्रैल को उत्तर कोरिया द्वारा किए गए एक अन्य प्रक्षेपण के बाद हुआ है। उस समय उत्तर कोरिया ने कई छोटी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण किया था, जिसे उत्तर कोरियाई मीडिया ने क्लस्टर बमों के वारहेड के प्रदर्शन के रूप में वर्णित किया था।

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन 2019 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ परमाणु कूटनीति के विफल होने के बाद से अपने परमाणु और मिसाइल शस्त्रागार का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ट्रंप ने किम के साथ बातचीत फिर से शुरू करने की इच्छा बार-बार व्यक्त की है, लेकिन प्योंगयांग ने अब तक इन प्रस्तावों को नजरअंदाज किया है। वॉशिंगटन ने बातचीत की पूर्व शर्त के रूप में उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण की मांगों को छोड़ने का आग्रह किया है।

# दक्षिण वजीरिस्तान में मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं बाधित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण वजीरिस्तान जिले के सरवेकी और बरवंद इलाकों में लोग मोबाइल नेटवर्क सिग्नल और इंटरनेट सेवाओं के ठीक से न काम करने से परेशान हैं। कई दिनों से दिक्कत झेल रही अवाम ने संचार सुविधाओं को बहाल करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को पाकिस्तान के अखबार डॉन ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सोमवार को हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय आदिवासी, युवा और व्यापारी शामिल हुए। उन्होंने लंबे समय से मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी बंद रहने पर चिंता जताई। सभी का कहना था कि इससे उनके दैनिक जीवन और जरूरी सार्वजनिक सेवाओं पर गंभीर असर पड़ रहा है।



प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पिछले 10 दिनों से इलाके में मोबाइल फोन सिग्नल और इंटरनेट सेवाएं बाधित हैं, जिससे लोगों को देश और विदेश में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से भी बात करने में परेशानी हो रही है, खासकर ईद-उल-अजहा से पहले। उन्होंने शिकायत की कि इस बंदी से व्यापार, शिक्षा और आपातकालीन संचार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाई की सामग्री और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म तक पहुंच नहीं मिल पा रही है, जबकि व्यापारी इंटरनेट आधारित लेन-देन नहीं कर पा रहे हैं और इससे उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार, मरीजों और आपात स्थिति में जरूरतमंद लोगों को भी परेशानी हो रही है क्योंकि वे अस्पतालों, रेस्क्यू सेवाओं या रिश्तेदारों से समय पर संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। डॉन ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि स्रारोगा अहमदवाम टावर, जो इस क्षेत्र में चल रहे सभी तीन मोबाइल टावरों का मुख्य लिंक है, में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण नेटवर्क और इंटरनेट सेवाएं बाधित हो गईं।

# ब्रिटेन में बजा हरियाणा का डंका: एक साथ मेयर बने मां-बेटे

**लंदन।** हरियाणा की मिट्टी से निकलकर सात समंदर पार ब्रिटेन के सियासी गलियारों पर कब्जा जमाना कोई मामूली बात नहीं है। मां-बेटे की यह ऐतिहासिक जोड़ी आज दुनिया भर के युवाओं के लिए एक जिंदा मिसाल बन चुकी है। यह जीत चीख-चीख कर गवाही देती है कि अगर इरादे फौलादी हों और सीने में समाज सेवा का जज्बा हो, तो उम्र का कोई भी दायरा आपको दुनिया के किसी भी कोने में इतिहास रचने से नहीं रोक सकता।

ब्रिटेन की धरती से भारत, खासकर हरियाणा के लिए एक बेहद गौरवशाली खबर सामने आई है। दरअसल, रोहतक के एक ही परिवार के मां-बेटे ने ब्रिटेन में एक साथ मेयर का चुनाव जीतकर नया इतिहास रच दिया है। साल 2013 में हरियाणा से यूके गए इस परिवार की इस दोहरी सफलता ने देश-दुनिया में तहलका मचा दिया है। मात्र 23 साल के तुषार कुमार और उनकी मां परवीन रानी अब ब्रिटेन के दो अलग-अलग शहरों में मेयर की कमान संभालेंगे। तुषार कुमार ने इसके साथ ही ब्रिटेन में सबसे कम उम्र के भारतीय मूल के मेयर बनने का गौरव भी हासिल कर लिया है।

## 23 साल के तुषार कुमार ने रचा इतिहास



**मां-बेटे ने ब्रिटेन में रचा नया इतिहास**

यह कामयाबी हरियाणा के सोनीपत जिले के खरखौदा स्थित रोहना गांव से ताल्लुक रखने वाले परिवार को मिली है। यह परिवार लंबे समय तक रोहतक में रहा और फिर साल 2013 में ब्रिटेन चला गया था। तुषार कुमार ने 13 मई को एल्स्ट्री और बोरहमवुड टाउन काउंसिल के सबसे युवा मेयर के रूप में शपथ ली। इसके ठीक एक हफ्ते बाद, 20 मई को उनकी मां परवीन रानी को हट्र्समेर बरो काउंसिल का पहला भारतीय मूल का मेयर चुना गया। तुषार के पिता और यूके के व्यवसायी सुनील दहिया ने कहा कि एक ही समय पर मां और बेटे का मेयर बनना पूरे परिवार और भारतीय समुदाय के लिए बड़े गर्व की बात है।

### संस्कृति और समाज सेवा से गहरा लगाव

तुषार और उनकी मां परवीन रानी का पूरा जीवन समाज सेवा को समर्पित रहा है। मेयर बनने से पहले परवीन रानी हट्र्समेर में डिप्टी मेयर और कैबिनेट सदस्य के रूप में काम कर चुकी हैं। यह परिवार ब्रिटेन में रहने के बावजूद अपनी मिट्टी और संस्कृति से पूरी तरह जुड़ा हुआ है। वे हर साल रोहतक आते हैं। तुषार और उनकी मां यूके में जन्मे बच्चों को मुफ्त में हिंदी सिखाते हैं। तुषार 'हिंदी शिक्षा परिषद' नामक धर्मार्थ संस्था से भी जुड़े हुए हैं। उनका मानना है कि युवाओं को सामाजिक कार्यों में उतरने के लिए उम्र का इंतजार नहीं करना चाहिए।

### कॉलेज की पढ़ाई के साथ राजनीति में कदम

तुषार कुमार की यह सफलता युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। जब वे 2013 में यूके गए थे, तब उनकी उम्र महज 10 साल थी। तुषार जब लंदन के किंग्स कॉलेज में राजनीति शास्त्र से बीएससी ऑनर्स के द्वितीय वर्ष के छात्र थे, तभी महज 20 साल की उम्र में वे पहली बार काउंसलर चुने गए थे। उन्होंने साल 2023 में एल्स्ट्री और बोरहमवुड टाउन काउंसिल में लेबर पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद वे साल 2025 में डिप्टी मेयर बने और अब उन्होंने मेयर का पदभार संभाला है। तुषार इस साल सितंबर से अपनी मास्टर डिग्री की पढ़ाई भी शुरू करने जा रहे हैं।

# यूक्रेन के ड्रोन हमलों से भड़का रूस, दे डाली कीव पर भीषण हमले की धमकी

**मॉस्को।** बीते दिनों रूस के स्टारोबिस्क में यूक्रेन ने घातक ड्रोन हमला किया था। इस ड्रोन हमले में 18 लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की धमकी दी है। रूस ने कीव में लोगों से तमाम सैन्य ठिकानों से दूर रहने का आग्रह किया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रक्षा ढांचे पर लगातार और व्यवस्थित हमले करने की चेतावनी दी है। मॉस्को ने विदेशी नागरिकों के लिए शहर को खाली करने की सलाह भी जारी की है। रूसी विदेश मंत्रालय ने यह बयान ऐसे समय में जारी किया है, जब स्टारोबिस्क में यूक्रेन का सबसे घातक ड्रोन हमला हुआ, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए।


**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक/122/निर्माण/2026–27 दिनांक–26.05.2026

**ई–टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों (निगम निधि, अवस्थापना विकास निधि, 15वॉ वित्त आयोग एवं अन्य) हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे **https://etender.up.nic.in** वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। उक्त निविदा हेतु 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) बेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश संख्या–3890/नौ–5–19–149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाइट पर आपलोड करना आवश्यक होगा।

विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्तें **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम




# महापौर ने जिला जज के साथ न्यायालय का किया निरीक्षण

## न्यायालय में भी मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं : महापौर

**कोर्ट परिसर में वकीलों, पुलिस, आंगतुकों, बच्चों के लिए झूले व महिलाओं के लिए फीडिंग रूम**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने जिलान्यायालय का निरीक्षण किया जिसमें जिलाजज विनोद कुमार रावत, अपर जिलाजज नीरज गौतम, सहायक अभियंता राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

निरीक्षण में जिलाजज द्वारा न्यायालय में मूलभूत सुविधाओं के लिए महापौर को अवगत कराया जिसमें न्यायालय परिसर में पार्क, बकच्चो के लिए झुले, पार्क में फुव्वारा, वृक्षारोपण, फूल के पौधे व हेज, दीवार पर पेंटिंग, लाइट एवं कोर्ट में आने वाली महिलाओं को बच्चों को फीड करने के लिए रूम की व्यवस्था के विषय मे बताया गया। महापौर सुनीता दयाल द्वारा निरीक्षण के दौरान जज साहब को सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए आश्वस्त किया और अपने अधिकारी को बुलाकर सभी कार्यो के एस्टीमेट व रूप रेखा तैयार करने के निर्देश दिए और बताया कि न्यायालय परिसर में सभी जज, अधिवक्ता, मुजरिम, मुजरिम का परिवार व अन्य लोगो का रोजाना लाखो की तादाद में आना जाना है जिसके लिए मूलभूत सुविधाओं का होना भी बहुत आवश्यक है जिससे हमारे शहर की सुविधाएं का जिक्र शहर से बाहर से आने वाले लोगो मे भी हो सके और महिलाओं के लिए फीड की सुविधा व बच्चों के लिए अच्छी सुविधा का होना बहुत आवश्यक है, हालांकि पूर्व में भी सड़को, डिवाइडर, बैंच व टायल्स के कार्य भी कराए गए हैं जिनपर कार्य चल रहा है।

# मानवता के आधार पर प्यासे पशु पक्षियों हेतु पानी की व्यवस्था करें शहरवासी, नगर आयुक्त ने की अपील

- बढ़ती गर्मी को देख निगम की गौशाला में गौ वंशों का रखा जा रहा है विशेष ध्यान, लगाए गए 40 कूलर
- नगर निगम चौराहों तथा मार्गों पर कर रहा है निराश्रित पशु पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार जहां जलकल विभाग द्वारा शहर में पेयजल की व्यवस्था हेतु अस्थाई रूप से 85 मटके के प्याऊ लगाए हुए हैं। 20 से अधिक स्थाई प्याऊ नगर निगम जलकल विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं। राहगिरियों को शीतल जल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा पशु पक्षियों हेतु भी पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज को दिए गए शहर में सार्वजनिक स्थल मुख्य मार्गो प्रमुख चौराहों पर निराश्रित जीव जंतु, पशु पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है।

नगर आयुक्त द्वारा निराश्रित जीव जंतु पशु पक्षियों के लिए हर घर पानी की व्यवस्था करें अपील की जा रही है। शहर वासी मानवता के आधार पर घरों की छतों पर, घरों के बाहर, मिट्टी के बर्तन में या खुले बर्तन में या अन उपयोगी वस्तु का उपयोग करते हुए उनमें निराश्रित जीव के लिए पीने की पानी की व्यवस्था बढ़ती गर्मी को देखते हुए आवश्यक रूप से करें अपील की जा रही है। डॉ अनुज द्वारा बताया गया लगभग 100 से अधिक स्थानों पर गाजियाबाद नगर निगम पेड़ों की छांव में निराश्रित जीव के लिए पानी की व्यवस्था कर रहा है साथ ही जन-जन को भी मानवता के आधार पर बढ़ती गर्मी में पशु पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने के लिए जागरुक कर रहा है।

नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम की गौशाला में भी 2000 से अधिक गोवंशों के लिए गर्मी को देखते हुए कूलर की व्यवस्था कराई गई है। गौशाला में कार्य करने वालों के द्वारा गोवंशों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। सुबह और शाम गोवंशों को गर्मी में नहलाने का कार्य भी किया जा रहा है। सड़कों पर चलने वाले राहगीरों को गर्मी में निगम के प्याऊ पेयजल आपूर्ति के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार बेजुबान पशु पक्षियों के लिए भी निगम की पेयजल की व्यवस्था सराहनीय है, कई सामाजिक संस्थाओं और जागरूक शहर निवासी भी अपने प्रतिष्ठान और घरों के बाहर जीव जंतुओं के लिए पानी की व्यवस्था कर रहे हैं जो की प्रशंसनीय है।

# बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से पीस कमेटी की बैठक आयोजित की।

यह बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ और अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था राज करन नैय्यर की अध्यक्षता में हुई। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड की नई पहल, बोले- थाने से हर फरियादी को मिले सुकून ये भी पढ़ें गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे. रविंद्र गौड की नई पहल, बोले- थाने से हर फरियादी को मिले सुकून बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न धर्मगुरु, इमाम, व्यापार मंडल और उद्योग मंडल के प्रतिनिधि तथा शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि गाजियाबाद हमेशा से शांति और सामाजिक एकता की मिसाल रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कुबार्नी की रस्म किसी भी सूरत में खुले या सार्वजनिक स्थानों पर न की जाए, ताकि किसी की भावनाएं आहत न हों और व्यवस्था बनी रहे।

अपर पुलिस आयुक्त ने बैठक में कानून व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी और पूरे इलाके पर ड्रोन तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


बैठक में नगर निगम को साफ-सफाई, पेयजल, मोबाइल शौचालय और कचरा निस्तारण की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ईदगाह और मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने और निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

बैठक के अंत में मौजूद सभी धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि बकरीद का पर्व पूरी तरह शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाएगा।

# महापौर ने तिगरी गोल चक्कर का किया निरीक्षण

## नोएडा से गाजियाबाद आते हुए सबसे गंदा क्षेत्र रहता था तिगरी लेकिन अब होने जा रहा सबसे सुंदर प्रवेश

- जल्द बनेगा तिगरी गोल चक्कर शहर की सुंदर पहचान : महापौर
- ठेले लगाकर कर रहे रोजगार वालों को किया जाएगा व्यवस्थित, जिससे शहर दिखेगा सुंदर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर में अधिकांश स्थानों पर सौन्दर्यकरण का कार्य किया जा रहा है जिससे शहर की अच्छी पहचान बन सके जिसके लिए महापौर व नगर निगम के अधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं और ऐसे ही नोएडा से गाजियाबाद आते समय तिगरी गोल चक्कर से एन एच 9 तक बहुत गंदगी व खराब स्थिति रहती थी जिसके लिए महापौर ने 10 करोड़ के बजट से नाला, सड़क, डिवाइडर व चक्कर पर स्टेचू, सौन्दर्यकरण का कार्य चल रहा है जिसके लिए आज महापौर सुनीता दयाल मुख्य अभियंता निर्माण के साथ निरीक्षण करने पहुँची और सौन्दर्यकरण के कार्य का जायजा लिया। महापौर ने देखा कि सड़क व नाले का कार्य अधिकांश पिरन हो चुका है ग्रीन बेल्ट पर कब्जा किया जा चुका है और गोल चक्कर पर स्टेचू लग गया है सौन्दर्यकरण का कार्य चल रहा है। महापौर ने ग्रीन बेल्ट का मुआयना किया और देखा कि किस प्रकार वृद्ध पौधरोपण किया जा सके और सड़क पर ठेलो का किस प्रकाश व्यवस्थित किया जा सकता है, इन सभी को लेकर मुख्य अभियंता के साथ समझा जिससे जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किया जा सके। कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर, बॉस-बल्ली, रोड़ी सीमेंट व पार्किंग भी की जा रही है जिसको लेकर अलाउंसमेन्ट किया जाएगा और ग्रीन बेल्ट को सुंदर बनाया जाएगा और ठेलो को व्यवस्थित कर शहर सुंदर दिख सके व लोगो का रोजगार भी चलता रहे।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि नोएडा से गाजियाबाद आते समय तिगरी गोल चक्कर से एन एच 9 तक बहुत गन्दा क्षेत्र रहता था और इसी गंदगी के कारण लोग स्वम समझ जाते थे की गाजियाबाद आ गया है लेकिन अब नगर निगम द्वारा वहाँ सौन्दर्यकरण का कार्य किया जा रहा है और बहुत जल्द ही शहर की सबसे सुंदर एंट्री भी होने जा रही है। वह स्थित ठेले रेहड़ी पटरियों को भी व्यवस्थित भी किया जाएगा जिससे सभी का व्यापार भी चलता रहे और शहर सुंदर भी बने, ग्रीन बेल्ट के सौंदर्यीकरण की तैयारी शुरू की जाएगी सबसे पहले साफ सफाई व अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा जिससे बरसात में अगल अलग प्रकार के पौधरोपण किया जा सके।

# जनगणना में लापरवाही पर सख्त डीएम, 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदड़ ने जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। डीएम ने 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने साफ कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

क्या है मामलाः जिले में आगामी जनगणना की तैयारियां चल रही हैं। इसके लिए शिक्षकों, लेखपालों और अन्य विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई कर्मचारी ट्रेनिंग से नदारद रहे और आवंटित क्षेत्र का सर्वे कार्य भी शुरू नहीं किया। कुछ ने बिना सूचना के ड्यूटी से किनारा कर लिया।

डीएम ने लिया संज्ञानः इस लापरवाही की रिपोर्ट मिलते ही डीएम रविंद्र कुमार मंदड़ ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल संबंधित विभागों से सूची मंगवाई और लापरवाह 10 कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इनमें 6 शिक्षक, 2 लेखपाल और 2 नगर निगम कर्मी शामिल हैं। डीएम ने कहा, जनगणना देश की नीतियों का आधार है। इसमें लापरवाही सीधे विकास योजनाओं को प्रभावित करती है। इसलिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। आगे भी जो कर्मचारी लापरवाही करेगा, उसके खिलाफ सख्त विभागीय और कानूनी कार्रवाई होगी।

अधिकारियों को निर्देशः डीएम ने सभी एसडीएम और बीडीओ को रोजाना जनगणना कार्य की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि सुपरवाइजर स्तर पर भी लापरवाही मिली तो कार्रवाई तय है। प्रशासन की इस सख्ती के बाद अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। जनगणना कार्य में तेजी लाने के लिए अब कंट्रोल रूम से रोजाना रिपोर्ट ली जा रही है।

# गांजा और अवैध शराब तस्करी करने वाले चार गिरफ्तार 3.450 किलो गांजा व 105 पव्वा देसी शराब बरामद

**नोएडा (करंट क्राइम)।** बदमाशों के खिलाफ जनपद गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गांजा और शराब बेचने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3.450 किलो गांजा और 105 पव्वे देसी शराब बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में पहले से कई मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। थाना जारचा के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी करने वाले आरोपी अजय उर्फ अज्जू पुत्र ठकरी सैनी को ग्राम खंगौड़ा के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। वहीं थाना दादरी पुलिस ने रेलवे रोड श्मशान घाट के पास से गांजा तस्करी के आरोपी सोनू उर्फ डोंटा पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 1



किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से चार मुकदमे दर्ज हैं।

थाना इकोटेक-प्रथम पुलिस ने भाटी गोल चक्कर से पहले पुलिया के पास से पवन कुमार उर्फ पम्मी पुत्र हरीशचंद्र को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 105 पव्वे अवैध देशी शराब, उत्तर प्रदेश मार्का बरामद किए हैं।

# बेहतर यातायात प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण हेतु यातायात निरीक्षक सप्तम, सब जोन के कार्यालय का उद्घाटन

## यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की पहल, ट्रैफिक कर्मियों को मिले वातानुकूलित हेलमेट

### कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व योजना के तहत बना सुसज्जित पोर्टा केबिन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कमिश्नरेट की यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त गाजियाबाद द्वारा यातायात प्रबंधन को तीन जोन एवं नौ सब-जोन में पुनर्गठित किया गया है। इसके तहत जोन स्तर पर सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) तथा सब-जोन स्तर पर यातायात निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में त्वरित यातायात संचालन, बेहतर निगरानी तथा आमजन को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी यातायात निरीक्षकों के लिए कार्यालय स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात तृतीय जोन एवं यातायात निरीक्षक सप्तम के सतत प्रयासों से टाटा स्टील प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत पुलिस लाइन गेट नंबर-1 के समीप सुसज्जित पोर्टा केबिन कार्यालय का निर्माण कराया गया। मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था/यातायात) ने नव निर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने यातायात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूरी निष्ठा, तत्परता एवं प्रभावशीलता के साथ कार्य करते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयासरत रहें।

### भीषण गर्मी में राहत देंगे वातानुकूलित हेलमेट





**करंट क्राइम।** कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहर एवं देहात क्षेत्र के एक्सप्रेस-वे, राष्ट्रीय राजमार्ग तथा अन्य व्यस्त यातायात स्थलों पर ड्यूटी कर रहे यातायात कर्मियों को 10 अत्याधुनिक ह्लतापमान नियंत्रित वातानुकूलित हेलमेटह्व वितरित किए गए। ये विशेष हेलमेट भीषण गर्मी एवं तेज धूप में ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिस कर्मियों को राहत प्रदान करेंगे, जिससे वे कठिन मौसम में भी पूरी सतर्कता और ऊर्जा के साथ अपने ड्यूटी प्वाइंट पर मौजूद रहकर यातायात संचालन को सुचारु बनाए रख सकेंगे। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, यातायात निरीक्षकगण तथा टाटा स्टील कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। गाजियाबाद पुलिस सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संकल्पित है।

# बकरीद की तैयारियां तेज, फैनी की मांग बढ़ी 200 रुपये किलो तक बिक्री

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बकरा ईद को लेकर तैयारियां अब जोर पकड़ने लगी हैं। शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में बाजार पूरी तरह सज गए हैं। सबसे ज्यादा रौनक सेवाइयों और फैनी की दुकानों पर देखने को मिल रही है। ईद के खास मौके पर बनने वाली फैनी की मांग लगातार बढ़ रही है। यही वजह है कि दुकानों और छोटे कारखानों में दिन-रात फैनी तैयार की जा रही है। बाजार में इस समय फैनी करीब 200 रुपये किलो बिक रही है और लोग पहले से ही इसकी खरीदारी शुरू कर चुके हैं।

**केला भट्टा में सबसे ज्यादा भीड़ :** गाजियाबाद के केला भट्टा इलाके में इन दिनों फैनी बनाने का काम जोर-शोर से चल रहा है। यहां की गलियों में घी और तली हुई फैनी की खुशबू माहौल को त्योहारमय बना रही है। दुकानों के बाहर ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। ईद चाहे मीठी हो या बकरा ईद, फैनी हर घर की पसंदीदा मिठाइयों में शामिल रहती है। खास तौर पर शीर खुरमा बनाने में इसका इस्तेमाल सबसे ज्यादा किया जाता है। दूध, मेवे और फैनी से तैयार होने वाला शीर खुरमा ईद की मिठास को और बढ़ा देता है।

**ऐसे तैयार होती है फैनी :** फैनी बनाने की प्रक्रिया भी काफी खास होती है। इसे मैदा और घी की मदद से तैयार किया जाता है। कारीगर बताते हैं कि सबसे पहले मैदे की लोई बनाई जाती है। इसके बाद उसे बहुत पतला बेलकर धागों जैसी महीन परतों में तैयार किया जाता है। फिर इन परतों को खास तरीके से लपेटकर रिफाइंड में तला जाता है। तलने के बाद इसे देसी घी में मिलाकर सुखाया जाता है ताकि उसका स्वाद और खुशबू बरकरार रहे। आखिर में फैनी को पैक कर बाजार में भेजा जाता है।

# इंदिरापुरम की शिप्रा सृष्टि सोसाइटी के 15वें फ्लोर पर लगी आग

## दमकल विभाग ने सूझबूझ से टाला बड़ा हादसा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम इलाके में स्थित शिप्रा सृष्टि सोसाइटी में मंगलवार शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब यहां स्थित एक बहुमंजिला इमारत के 15वें फ्लोर पर अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद और प्रभारी अग्निशमन अधिकारी वैशाली तुरंत दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर रवाना हुए। घटना हैबिटेट सेंटर के पास स्थित शिप्रा सृष्टि अपार्टमेंट की है। यहाँ 15वें तल पर स्थित फ्लैट नंबर 1506 से धुएं के गुबार उठते देख आसपास के लोग सहम गए। इस फ्लैट में दीपक कुमार, जागृति किशोर और दक्ष किशोर किराए पर रहते हैं, जबकि इसके मालिक गौरव बंसल हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के कुशल निर्देशन में फायर यूनिट ने तुरंत मोर्चा संभाला। दमकल कर्मियों ने सोसाइटी के ही इंटरनल फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद ली और दो होज पाइप की लाइन बिछाकर आग पर काबू पाना शुरू किया।

दमकल टीम ने बेहद कम समय में, कड़ी मशक्कत और सूझबूझ दिखाते हुए आग को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया। राहत की बात यह रही कि आग को एक ही कमरे तक सीमित रखा गया और उसे पूरे फ्लैट में फैलने से रोक लिया गया। इस सूझबूझ के चलते एक बड़ा हादसा टल गया और फ्लैट का बाकी हिस्सा पूरी तरह सुरक्षित है। इस पूरे अग्निकांड में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# साइबर क्राइम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 2.10 करोड़ ठगी का म्यूल अकाउंट होल्डर हरियाणा से गिरफ्तार



**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 2.10 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामले में प्रयुक्त म्यूल अकाउंट धारक एक आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और अभिसूचना संकलन के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। नोएडा साइबर क्राइम थाना पुलिस के अनुसार, 10 अप्रैल 2026 को अज्ञात साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति को एनआईए पुणे का अधिकारी बनकर फोन किया। आरोपियों ने पीड़ित को उसके आधार कार्ड से संचालित बैंक खातों के टेरर फंडिंग में इस्तेमाल होने की झूठी जानकारी देकर गिरफ्तारी का भय दिखाया। साइबर अपराधियों ने व्हाट्सएप के माध्यम से आरबीआई के नाम से फर्जी पत्र और वारंट भेजकर पीड़ित को भ्रमित किया तथा उससे कुल 2.10 करोड़ रुपये की साइबर ठगी कर ली।

एडीसीपी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में इससे पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि साइबर ठगी में प्रयुक्त बैंक खाते का धारक अमन कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी चरखी दादरी, हरियाणा है। आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते में साइबर धोखाधड़ी से संबंधित 2.20 लाख रुपये प्राप्त हुए थे।

# बकरीद को लेकर ग्रेटर नोएडा में फ्लैग मार्च पुलिस ने की अफवाहों से बचने की अपील



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में फ्लैग मार्च और फुट पेट्रोलिंग की। इस दौरान नागरिकों से त्योहार के दौरान पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा डॉ. प्रवीन रंजन सिंह ने एडीसीपी ग्रेटर नोएडा संतोष कुमार और एसीपी-3 ग्रेटर नोएडा अरविंद कुमार के साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च और फुट पेट्रोलिंग की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित कर आगामी त्योहार को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने लोगों को सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा न करने और अफवाहों से सतर्क रहने के लिए जागरूक किया। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने कहा कि आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सुदृढ़ बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और सुरक्षा अभियान चलाए जा रहे हैं।